एच एस सी सी
HSCC
A Miniratna Enterprise

एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड

एचसीसी (इंडिया) लिमिटेड की एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी

36वीं वार्षिक रिपोर्ट

2018-19

www.hsccltd.co.in

श्री हरदीप सिंह पुरी

(माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
आवास एवं शहरी मामले)



श्री दुर्गा शंकर मिश्रा

(सचिव, आवास एवं शहरी मामले मंत्रालय)

विजन, कॉर्पोरेट मूल्य, कॉर्पोरेट गुणवत्ता नीति

विजन

"भारत और विदेशों में स्वास्थ्य देखभाल को बढाने के लिए मूल्य–योजित, नई और एकीकृत सेवाएं प्रदान करने वाली अग्रणी परामर्शदाता कम्पनी बनना जो दूसरी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में मूल क्षमता और इसके व्यवसायी कर्मचारियों को स्फूर्तिदायक और सक्षम कार्य वातावरण प्रदान करती है।"



मिशन

"भारत और विदेशों में स्वास्थ्य देखभाल और दूसरे उद्देश्यों के लिए भवनों और इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए अवधारणा से लेकर अधिग्रहण तक व्यापक परियोजना नियोजन, आर्किटेक्चर, इंजीनियरिंग, परियोजना प्रबंधन, खरीद और संबंधित सेवाएं प्रदान करना।"

कोरपोरेट मूल्य

- ग्राहक के लिए मूल्य योजना पर फोकस
- संगठन के अंदर सृजनात्मकता और नवीनता प्रदान करना
- एक सीखने वाले संगठन का निर्माण करना
- हमारी सभी गतिविधियों के लिए एक सक्षमकर्ता के रूप में समूह भावना

कॉर्पोरेट गुणवत्ता नीति

स्वास्थ्य देखभाल और दूसरे सामाजिक क्षेत्रों में निरंतर गुणवत्ता परामर्श सेवाओं में सुधार करके लीडरशिप और ग्राहक संतुष्टि को बनाए रखना

संदर्भ सूचना

पजींकृत कार्यालय

205 (दूसरा तल), ईस्ट एण्ड प्लाजा,
प्लॉट नं. 4, एलएससी, सेंटर–2,
वसुंधरा एनक्लेव,
नई दिल्ली–110096

कॉर्पोरेट कार्यालय

ई–6 (ए), सेक्टर–1, नोएडा–यूपी. 201301
टेली. – 91–120–2542436–40
फैक्स – 91.120.2542447
ईमेल - hsccltd@hsccltd.co.in

संविधिक लेखापरीक्षक

मैसर्स एम.एल पुरी एण्ड कमपनी,
चार्टर्ड अकाउंटैंट्स,
407, नई दिल्ली हाउस,
27, बाराखम्बा रोड़,
नई दिल्ली – 110 001

आंतरिक लेखापरीक्षक

मैसर्स प्रेम गुप्ता एण्ड कम्पनी
चार्टर्ड अकाउंटैंट्स
4, शिवाजी मार्ग
नई दिल्ली–110015

सचिवीय लेखापरीक्षक

मैसर्स प्रवीन रस्तोगी एण्ड कम्पनी
कम्पनी सचिव
फ्लैट नं. –3, सूद बिल्डिंग,
तेल मील मार्ग,
रामनगर, पहाड़गंज,
दिल्ली – 110055

बैंकर

इंडियन ओवरसीज बैंक
केनरा बैंक
पंजाब नैशनल बैंक
बैंक ऑफ़ बड़ोदा
भारतीय स्टेट बैंक
सिंडिकेट बैंक
यूको बैंक
कॉर्पोरेशन बैंक
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड
ओरिएंटल बैंक
एक्सिस बैंक
युनियन बैंक ऑफ इंडिया

विषय सूची

1.	निदेशक बोर्ड	6
2.	कार्यनिष्पादन एक नजर में	8
3.	अध्यक्ष का संबोधन	11
4.	नोटिस	16
5.	निदेशको की रिपोर्ट और सलंग्नक	23
	– प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट	
	– कॉर्पोरेट प्रशासन रिपोर्ट	
	– अन्य सलंग्नक	
6.	भारत के लेखा–नियंता और महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां	66
7.	वित्तीय कथनों पर ऑडिटर की रिपोर्ट	68
8.	वित्तीय विवरण	82
9.	उपस्थिति पर्ची और प्रतिनिधित्व प्रपत्र	

निदेशक की प्रोफाइल

श्री शिव दास मीणा, आईएएस, ने 5 अप्रैल 2019 से एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष का कार्यभार संभाला। श्री मीणा वर्तमान में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर हैं और साथ ही एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, जो एएससीसी (इंडिया) लिमिटेड की होल्डिंग कम्पनी है, के अध्यक्ष एवं महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। तमिलनाडु काडर के 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी श्री मीणा जिनके पास सार्वजनिक क्षेत्र में लगभग तीन दसकों को अनुभव है, जो सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। बाद में उन्होंने जापान से अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन में स्नातकोत्तर की।

श्री शिव दास मीणा
अध्यक्ष

श्री ज्ञानेश पांडे के पास सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि है और वे 01 जून 1995 से एचएससीसी के साथ काम कर रहे हैं। उनके पास परियोजना नियोजन और प्रबंधन में उनके पास लगभग 36 वर्ष का अनुभव है। वे 1 जून 2011 से एचएससीसी के बोर्ड के सदस्य रहे हैं और उनके पास कम्पनी के संचालनों का प्रभार रहा है।

श्री ज्ञानेश पांडे
महानिदेशक

श्रीमति नंदिता गुप्ता एक 2001 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने 1 फरवरी 2019 से कम्पनी में सरकारी निदेशक के रूप में एचएससीसी बोर्ड में पद भार संभाला था। उनके पास सितम्बर 2018 से आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव का पद है। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यग्रहण करने से पहले उन्होंने जून 2016 से दिसम्बर 2017 तक धर्मशाला स्मार्ट सिटी लिमिटेड के निदेशक बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में और शहरी विकास मंत्रालय में निदेशक एस्टेट के रूप में भी कार्य किया है।

श्रीमति नंदिता गुप्ता
सरकार द्वारा नामित निदेशक

डॉ. (श्रीमति) विनोद पंथी 1 अगस्त 2019 से आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के नॉन–ऑफिशियल स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने जे.एल. एन मेडिकल कॉलिज से अपनी एमबीबीएस पूर्ण की है। डॉ (श्रीमति) विनोद पंथी के पास प्रसूति विज्ञान और स्त्रीरोग चिकित्सा के क्षेत्र में 22 वर्ष का अनुभव है। वर्तमान में वे निजी अभ्यास करती हैं।

डॉ. (श्रीमति) विनोद पंथी
स्वतंत्र निदेशक

कार्यनिश्पादन पर एक नजर

कम्पनी ने 31 मार्च 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए 2,07,104.00 लाख के उच्चतम टर्नओवर और कर के बाद 4,98,1.00 लाख के लाभ के साथ फिर उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं।

40.00 लाख रुपये की चूकता पूंजी के साथ कम्पनी को 1983 में निगमित किया गया था और बाद में 200.00 लाख रुपये के बोनस शेयर जारी किए जिसके परिणामस्वरूप चूकता शेयर पूंजी बढ़ कर 240 लाख रुपये हो गई। वित्त वर्ष 2017–18 में कम्पनी ने 25 प्रतिशत पूर्ण रूप से चूकता शेयर पूंजी का बाईबैक किया जिसके परिणामस्वरूप चूकता शेयर पूंजी घट कर 180.00 लाख रुपये हो गई। निवेश और सरकारी सम्पत्ति प्रबंधन (डीआईपीएएम) के कार्यालय ज्ञापन पत्र के अनुसार वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान कम्पनी का 100 प्रतिशत स्ट्रेटजिक विनिवेश किया गया और इस प्रकार एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने प्रबंधन नियंत्रण स्थांतरण के साथ कम्पनी के वर्तमान 100 प्रतिशत चूकता इक्विटी शेयर पूंजी को खरीदा।

एचएससीसी के उद्देश्य और स्ट्रैटजी को ऐसी व्यापार वृद्धि के माध्यम से शुद्ध मूल्य को बढाने के लिए डिजाइन किया गया है जो आय और लाभों में बढोतरी करे और मजबूत और तनाव मुक्त नकदी प्रवाह उत्पन्न करे। इस प्रकार हम कम्पनी के मूल्य को बढाएंगे और साथ ही एक मजबूत बैलेंस शीट और शेयरधारकों के लिए आकर्षक लाभ को बनाए रखेंगे।

गुणवत्ता और समय कारक के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में हम निरंतर सर्वश्रेठ सेवा प्रदाता के रूप में विकसित हो रहे हैं और विशिष्ट और नवीन सेवाएं पेश कर रहे हैं जो हमारे ग्राहकों को खुश करती हैं।

(रुपये लाखों में)

विवरण	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
आय	5,75,76	11,06,98	1,61,925	1,61,220	2,07,104
कर से पहले लाभ	3,795	8,687	5,616	5,822	7,949
शुद्ध लाभ	2,454	5,462	3,761	3,747	4,981
शुद्ध मूल्य	13,933	17,422	19,825	17,203	13,870
लाभांश	492	1,638	1,128	1,124	2,989
एमओयू के विरुध रेटिंग	बहुत अच्छा	उत्कृष्ट	बहुत अच्छा	अच्छा	बहुत अच्छा (प्रत्यासित)

दसकीय वित्तीय परिणामों पर एक नजर

(रुपये लाखों में)

विवरण	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
वित्तीय कार्य प्रदर्शन										
चूकता पूंजी	240	240	240	240	240	240	240	240	180	180
रिजर्व और सरप्लस	6,999	7,632	8,708	10,347	11,841	13,693	17,182	19,585	17,023	13,690
शुद्ध मूल्य	7,239	7,872	8,948	10,587	12,081	13,933	17,422	19,825	17,203	13,870
शुद्ध स्थायी सम्पत्ति	632	615	600	685	693	649	635	707	706	7,496
क्रियाशील पूंजी *	6,440	7,117	8,568	10,200	12,053	14,165	17,519	24,083	17,188	3,339
प्रयुक्त पूंजी	7,072	7,731	9,168	10,885	12,746	14,814	18,154	24,790	17,895	13,870
संचालन आंकड़े										
परामर्श शुल्क**	2,097	2,311	2,929	3,380	3,919	49,004	1,02,180	1,51,116	1,51,311	2,04,946
ब्याज और अन्य आय	1,218	1,034	1,529	2,455	2,126	8,572	8,518	10,809	9,910	2,158
कुल आय	3,315	3,346	4,458	5,835	6,045	57,576	1,10,698	1,61,925	1,61,220	2,07,104
व्यय	2,002	1,993	2,048	2,203	2,287	53,782	1,01,948	1,56,236	1,55,320	1,99,111
सकल लाभ	1,313	1,353	2,409	3,632	3,758	3,794	8,750	5,689	5,900	7,993
ह्रास	39	36	58	32	44	69	63	73	78	44
कर से पहले लाभ	1,274	1,317	2,352	3,600	3,714	3,725	8,687	5,616	5,822	7,949
कर के बाद लाभ	787	830	1,472	2,257	2,398	2,384	5,462	3,761	3,747	4,981
कर के लिए प्रावधान	487	487	880	1,343	1,316	1,341	3,225	1,855	2,075	2,968
लाभांश	173	173	300	468	492	492	1,638	1,128	1,124	2,989
मानवशक्ति										
कर्मचारियों की संख्या	135	132	124	123	143	153	162	176	184	177
(नियमित वेतनमान पर)										
अनुपात										
पीबीटी / कुल आय (%)	38%	39%	53%	62%	61%	6%	8%	3%	4%	4%
शुद्ध लाभ / कुल आय (%)	24%	25%	33%	39%	40%	4%	5%	2%	2%	2%
शुद्ध लाभ / शुद्ध मूल्य (%)	11%	11%	16%	21%	20%	17%	31%	19%	22%	36%
प्रति–कर्मचारी कुल आय	25	25	36	47	42	376	683	920	876	1,170
प्रतिशेयर आय (ईपीएस) (रु)	328	346	613	940	999	993	2,276	1,567	2,081	2,767
प्रतिशेयर बैक मूल्य (₹)	3,016	3,280	3,728	4,411	5,034	5,805	7,259	8,260	9,555	7,705

* भारतीय लेखा मानकों के अनुसार वित्त वर्ष 2018–19 का वित्तीय विवरण। पुनःआकलन, पुनःवर्गीकरण और पुनःसमूहीकरण के कारण मूल्य में विभिन्नता।

* वित्त वर्ष 2018–19 के लिए परामर्श शुल्क में 1,94,317.78 लाख रुपये का किया गया कार्य और 10,628.37 लाख रुपये का परामर्श शुल्क शामिल है।

सेवा विस्तार

अवधारणा अध्ययन और प्रबंधन

परामर्श

- बेसलाइन सर्वे और आर्थिक अध्ययन
- महामारी संबंधी सर्वे
- सिस्टम नियोजन
- व्यवहारिकता अध्ययन
- पुनःसंरचना/पुनःसंगठन अध्ययन
- मूल्यांकन अध्ययन

खरीद

- दवाएं और फार्मास्यूटिकल्स
- चिकित्सा उपकरण
- अन्य उपकरण
- कॉम्युनिकेशन सिस्टम
- यंत्र
- फर्नीचर एवं फिक्सचर

परियोजना प्रबंधन

- परियोजना नियोजन जिसमें अनुबंधकर्ताओं का चयन और कार्य प्रदान करना शामिल है
- परियोजना निगरानी
- गुणवत्ता नियंत्रण
- निर्माण पर्यवेक्षण
- अनुबंध प्रशासन
- वित्तीय नियंत्रण

सूचना प्रबंधन

- स्वास्थ्य एमआईएस
- सिस्टम इंटीग्रेशन

सुविधा डिजाइन

- अवधारणा डिजाइन
- बेसिक डिजाइन
- आर्किटेक्चर संबंधी डिजाइन/प्लान
- इंजीनियरिंग डिजाइन
- उपकरण नियोजन
- कचरा प्रबंधन
- डिजाइन समन्वय

इंजीनियरिंग अध्ययन

- जीर्णोद्धार/पुनर्वास
- आधुनिकीकरण/अप–ग्रेडेशन
- विस्तार
- उत्पादकता/क्षमता सुधार

लॉजिस्टिक्स और इन्सटॉलेशन

- परिवहन
- क्लीयरिंग और अग्रेषण
- साइट डिलिवरी
- इन्सटॉलेशन प्देजंससंजपवद
- जांच और अधिग्रहण
- प्रशिक्षण

नए क्षेत्र (विविधता)

- इंजीनियरिंग और सुविधाओं का रखरखाव
- पशुओं के लिए टीका निर्माण सुविधाएं
- फार्मास्यूटिकल निर्माण सुविधाएं
- विदेशों में चिकित्सा व्यवसायियों का प्रशिक्षण
- जैव–प्रोद्योगिकी अनुसंधान एवं विकास संस्थानों का विकास
- नए अंतराष्ट्रीय विकास बाजारों में परियोजनाएं

अध्यक्ष का संदेश

प्रिय शेयरधारको,

मैं आप सभी का एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड 36वीं वार्षिक सामान्य बैठक में आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं। कम्पनी के कार्यप्रदर्शन पर आपको अपडेट करना और नजदीक और मध्यम अवधि के लिए भावी दृष्टिकोण की रूपरेखा को आपके सांझा करना हमें एक आनंदपूर्ण रहा है।

पृष्ठभूमि

एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड, पूर्व में होस्पिटल सर्विसिज कन्सल्टैंसी कॉर्पोरेशन की स्थापना स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वाधान में वर्ष 1983 में की गई थी, जिसका उद्देश्य भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए अवधारणा से लेकर अधिग्रहण तक व्यापक सेवाएं प्रदान करना था। एसएससीसी ने 36 वर्ष की अपनी यात्रा में निरंतर प्रगति और विकास किया। 2015 में मिनी रत्न–श्रेणी–1 का स्थान प्राप्त किया।

यह यह गर्व की बात भी रही है कि इसकी शुरूआत से एचएससीसी ने सरकार से या किसी अन्य स्रोत से बिना कोई उधार लिए अपने व्यापार की वृद्धि को सुनिश्चित किया है। कम्पनी हमेशा ऋणमुक्त रही है और लाभ कमाया है, जो वास्तव में एक उत्कृष्ट उपलब्धि और कम्पनी की क्षमताओं और शक्तियों का प्रमाण है।

इन वर्षों में, एचएससीसी ने स्वास्थ्य परामर्श में एक विशेष स्थान बनाया है। इसकी व्यापक विशेषज्ञता में अस्पताल योजना, डिजाइन, विस्तृत इंजीनियरिंग, परियोजना प्रबंधन, गुणवत्ता नियंत्रण के साथ–साथ चिकित्सा उपकरणों की खरीद, आपूर्ति, स्थापना और अधिग्रहण शामिल हैं। एचएससीसी हेल्थकेयर में एंड–टू–एंड मल्टी–डिसिप्लिनरी सहायता प्रदान करने में सक्षम है जिसमें व्यवहारिकता अध्ययन और निविदा दस्तावेजीकरण से लेकर परियोजना प्रबंधन सहित सिविल, इलेक्ट्रिकल, आईटी और सहायक क्षेत्र शामिल हैं।

एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने 24 दिसंबर, 2018 को एक बहु–विषयक पोर्टफोलियो के साथ आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी के रूप में एचएससीसी का अधिग्रहण किया, जो अस्पताल योजना, डिजाइन, विस्तार इंजीनियरिंग, गुणवत्ता नियंत्रण, परियोजना प्रबंधन और निगरानी के साथ–साथ चिकित्सा उपकरणों की खरीद, आपूर्ति, स्थापना और अधिग्रहण के क्षेत्र में व्यापक परामर्श सेवाओं को प्रदान करती है। एचएससीसी पर एनबीसीसी के अधिकार ने सहक्रियता लाभों को प्रदान किया है और स्वास्थ्य क्षेत्र में विशाल अनुभव के साथ व्यवसायियों की एक विशेष टीम ने संगठन का मूल्य योजन किया है।

मुख्य परियोजनाएं

एचएससीसी ने विभिन्न व्यापक परियेाजनाएं पूरी की हैं जैसे झज्जर में राष्ट्रही कर्क रोग संस्थान (एनसीआई), राजकीय चिकित्सा महाविद्यालयों लातुर, रिवा (मध्यप्रदेश), पटियाला, आदि, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली, राष्ट्रीय पशु प्रजनन संस्थान (एनआईएबी), हैदराबाद में सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक।

विदेशी परियोजनाएं जैसे डिकॉय, श्रीलंका में 150 बेड का अस्पताल, कठमांडु में बीआईआर अस्पताल के लिए ट्रॉमा सेंटर, भूटान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, यांगून में सामान्य अस्पताल सिटवे का आधुनिकीकरण और यंगुन में बच्चों का अस्पताल।

प्रक्रिया में चल रही परियोजनाओं में एम्स, नई दिल्ली, नागपुर, कल्याणी, गुंटूर का बहु परिचालन कार्य, सिलीगुड़ी में ईएसआईसी के लिए 100 बेड का अस्पताल, चंडीगढ़ में उन्नत न्यूरो साइंस सेंटर, स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए कैंसर अस्पताल और मॉरीशस गणराज्य में क्वालिटी लाइफ आदि शामिल हैं।

कार्यप्रदर्शन

जहां तक वर्ष 2018–19 के दौरान कंपनी के प्रदर्शन का संबंध है, मुझे यह रिपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है कि कंपनी ने चुनौतीपूर्ण संचालन में वातावरण के बावजूद अपनी गति बनाए रखी। पिछले वर्ष में 1,612.20 करोड़ रुपये की तुलना में इस वर्ष के लिए कुल आय 2,071.04 करोड़ रुपये थी। वर्ष के लिए पीएटी 49.81 करोड़ रुपये था।

चुनौतियां और अवसर

निजी और सरकारी क्षेत्र के खिलाड़ियों के रूप में नए प्रवेशकों के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र अधिक से अधिक प्रतिस्पर्धात्मक बनता जा रहा है। यह कीमतों पर नीचे की ओर दबाव डालता है और लाभों को प्रभावित करता है। इस क्षेत्र में एक और मजेदार परिवर्तन है पूर्वोत्तर में परियोजनाओं का स्थानांतरण जो गर्भकाल और पूर्ण होने की अवधि को लम्बा बनाता है।

लेकिन स्वास्थ्य क्षेत्र में उभरते हुए अवसर अधिक बड़े हैं। भारत अस्पतालों, बिस्तरों, चिकित्सकों और दूसरी चिकित्सा सुविधाओं और प्रतिभा के संबंध में पीछे है। सरकार एक व्यापक पुश के साथ इस अंतराल को खतम करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि पूरे स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार किया जा सके। इसमें नई परियोजनाएं के साथ साथ पूरे देश में वर्तमान अस्पतालों का जीर्णोद्धार और अपग्रेडेशन शामिल है। स्वास्थ्य में निजी क्षेत्र से मांग भी बढ़ी है क्योंकि इस क्षेत्र में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की संख्या बढ रही है। अन्य अवसर विदेशों में सार्क देशों में है जहां स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति हो रही है।

निष्कर्श और आभार

कुल मिलाकर, मेरा मानना है कि हमारे पास आने वाले वर्षों में निरंतर विकास और विस्तार के एक चरण के लिए सही कारक मौजूद हैं। हम स्वास्थ्य सेवा में एक प्रमाणित क्षमता के साथ विश्व स्तरीय परामर्श संगठन में विकसित होने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के मार्ग पर हैं। मुझे आपके समर्थन और विश्वास में भरोसा है और हम सफल होंगे।

जैसा कि मैं निष्कर्ष निकालता हूं, मैं अपने प्रशासनिक मंत्रालय यानी आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय, बोर्ड के सदस्यों के साथ–साथ विभिन्न राज्य और केंद्रीय मंत्रालयों के अधिकारियों को उनके निरंतर समर्थन के लिए अपना आभार व्यक्त करना चाहता हूं। मेरे सभी आपूर्तिकर्ता और विक्रेता भागीदारों का ईमानदारी से धन्यवाद करता हूं, जिनकी मदद के बिना कंपनी परियोजनाओं के निष्पादन में तारकीय प्रदर्शन देने में सक्षम नहीं होगी और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रतिबद्धता और अनथक प्रयास के लिए एचएससीसी के प्रत्येक कर्मचारी को ध न्यवाद करता हूं।

मैं अपने सभी शेयरधारकों, हितधारकों और हमारे बैंकरों को एचएससीसी में उनके निरंतर विश्वास के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं, और आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम मूल्य को प्रदान करना जारी रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

आपका विश्वसनीय,
(शिव दास मीणा)
अध्यक्ष

महानिदेशक का संदेश

माननीय हिस्सेदारों को

एचएससीसी के निदेशक बोर्ड की तरफ से, कम्पनी की 36वीं वार्षिक सामान्य बैठक में आप सभी का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। इस अवसर पर मैं आज आपके पधारने के लिए और कम्पनी को प्राप्त निरंतर समर्थन के लिए आप सबका धन्यवाद करता हूं।

वित्त वर्ष 2018–19 के लिए निदेशक की रिपोर्ट और वार्षिक लेखापरिक्षित खातों को आपके पास पहले ही भेज दिया गया है और आपकी अनुमति से मैं इन्हें पढ़ा हुआ समझता हूं।

कार्यप्रदर्शन की समीक्षा

जैसा कि आपने वार्षिक सामान्य रिपोर्ट में देखा होगा, वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान हमने उच्च स्तर पर और निम्न स्तर पर मजबूत वृद्धि की और उच्च गुणवत्ता की आय प्राप्त की जो तेज वृद्धि चालकों की कॉर्पोरेट स्ट्रैटजी की मजबूती को प्रतिबिम्बित करता है। यह कार्यनिष्पादन विशेष रूप से असाधारण है जब इसकी समीक्षा ऐसे बेहद चुनौतिपूर्ण व्यापार संदर्भ के संदर्भ की पृष्ठभूमि में देखा जाता है जिसमें इसे प्राप्त किया गया, अर्थात अर्थव्यवस्था में मंदी चल रही थी और उच्च स्तर की महंगाई थी।

मैं यह रिपोर्ट करते हुए खुश हूं कि आपकी कम्पनी ने 31 मार्च 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए आकर्षक कार्यप्रदर्शन किया है।

मुझे शेयरधारकों के सम्मुख यह प्रस्तूत करते हुए खुशी हो रही है कि वित्त वर्ष 2018–19 के दौरान पिछले वर्ष की 1,612.20 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 2,071.04 करोड़ रुपये की की कुल आय अर्जित की है। कम्पनी ने पिछले वर्ष अर्जित 96.26 करोड़ रुपये परामर्श शुल्क की तुलना में इस वर्ष 106.28 करोड़ रुपये परामर्श शुल्क कमाया, जिससे 10.41 प्रतिशत वृद्धि हुई, जो भारत में औसत औद्योगिक वृद्धि से अधिक है।

कम्पनी ने पिछले वर्ष के 58.22 करोड़ रुपये के कर से पूर्व लाभ की तुलना में इस वर्ष 79.49 करोड़ रुपये कर से पहले लाभ हांसिल किया। इस प्रकार वित्त वर्ष 2018–19 के लिए कर से पूर्व लाभ में 36.54 प्रतिशत की वृद्धि प्राप्त की। कंपनी ने पिछले वर्ष में अर्जित 37.

47 करोड़ की तुलना में 49.81 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया।

आपके समर्थन के साथ, कंपनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, परिणामस्वरूप, एचएससीसी ने भारत में सबसे तेजी से बढ़ते पीएसयू में से एक का दर्जा हांसिल किया है।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि कंपनी ने वर्ष 2018–19 के लिए चालू वर्ष के लाभ से 29. 89 करोड़ की पूँजी पर 1660.33: लाभांश देने की सिफारिश की है। यह लगातार 34 वां वर्ष है जब कंपनी ने लाभांश घोषित किया है। इस वर्ष के लाभांश का भुगतान करने पर, भारत सरकार को दिया गया संचयी लाभांश 79.33 करोड़ होगा, जो कंपनी की वर्तमान चुकता इक्विटी पूंजी के 44 गुना के आसपास होगा।

एनबीसीसी में एचएससीसी का स्ट्रैटजिक विनिवेश

कम्पनी को समान रूप से स्थापित सीपीएसई एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के साथ रणनीतिक रूप से विनिवेशित किया गया। एनबीसीसी को एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के 100 प्रतिशत स्ट्रैटजिक विनिवेश के खरीदार के रूप में चुना गया है। सरकारी सम्पत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) द्वारा 13 सितम्बर 2018 को एनबीसीसी को निर्णय का पत्र जारी कर दिया गया। 6 नवम्बर 2018 को शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर हो चुके हैं।

मिनी रत्न का दर्जा

एचएससीसी को 31 दिसम्बर 2015 से मिनी रत्न श्रेणी–1 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम का दर्जा प्राप्त हो चुका है। पहले इसे सितम्बर 2002 में मिनी रत्न श्रेणी–2 पीएसयू का दर्जा हांसिल था।

एमओयू

उच्च प्रबंधन टर्नओवर में निरंतर वृद्धि हासिल करने के साथ–साथ लागत–नियंत्रण, संसाधनों के इष्टतम उपयोग और सिस्टम में सुधार जैसे रणनीतिक हस्तक्षेपों के माध्यम से पूर्व–कर लाभ में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। कंपनी ने सार्वजनिक उपक्रम विभाग (डीपीई), भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ हस्ताक्षर किए गए वर्ष 2017–18 के समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत 'गुड' रेटिंग हासिल की है। इसके अलावा, वर्ष 2018–19 के परिणामों के आधार पर, कंपनी को एमओयू मूल्यांकन के अनुसार बहुत अच्छी रेटिंग मिलने की उम्मीद है।

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में होने के कारण कम्पनी की सभी गतिविधियां और संचालन अप्रत्यक्ष रूप से इसकी सामाजिक जिम्मेदारी को समर्पित हैं।

वर्ष 2018–19 के दौरान, एचएससीसी ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व में कुल 134.17 लाख रुपये का योगदान दिया। कंपनी ने कुम्भ मेला 2019, प्रयागराज में लगे स्वच्छता कार्यकर्ताओं के कल्याण के लिए 84.17 लाख रुपये का योगदान दिया। एचएससीसी ने सीएसआर के तहत दुर्लभ गौचर बीमारी से पीड़ित एक मरीज के उपचार में 50 लाख का योगदान दिया है।

अंतराष्ट्रीय व्यापार

आपकी कम्पनी विदेश मंत्रालय के माध्यम से सार्क देशों में भी व्यापार की संभावनाएं तलाश रही है।

वृद्धि का विजन

भारत और विदेशों में स्वास्थ्य सेवा को बढ़ाने के लिए मूल्य–वर्धित, नवीन और एकीकृत सेवाएं प्रदान करने वाली एक अग्रणी परामर्श कंपनी बनना, अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में इसकी मुख्य क्षमता का लाभ उठाना और अपने पेशेवर कर्मचारियों को एक स्फूर्तिदायक और सक्षम वातावरण प्रदान करना।

विश्वस्तरीय परामर्शदाता संगठन के रूप में विकसित होने के लिए, संचालनों में विभिन्नता और विस्तार पर जोर दिया जा रहा है जैसे भवन निर्माण इंजीनियरिंग और रखरखाव सेवाएं और कम्पनी अपने क्लाइंट बेस को मजबूत बनाने पर जोर दे रही है।

व्यापार प्रशासन

व्यवसाय के नैतिक आचरण को बढ़ावा देने के लिए इसके व्यवहार और देश के कानूनों और विनियमों की अनुपालन में पारदर्शिता सुनिश्चित करना कम्पनी

का सिद्धांत है अर्थात अवलोकन, पारदर्शिता, अखंडता, व्यावसायिकता, जवाबदेही और उचित प्रकटीकरण।

आभार

अंत में, निदेशक बोर्ड और अपनी तरफ से, हमारी मूल कम्पनी एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और सभी हिस्सेदारों द्वारा कम्पनी को प्रदान किए गए मूल्यवान मार्गदर्शन, समर्थन और सहयोग के लिए आभार प्रकट करता हूं। मैं अपने सभी माननीय हिस्सेदारों का उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद करता हूं जिनका विश्वास हमारे पूरे प्रयास में मजबूत स्तंभ के रूप में कार्य करता है।

मैं अपने सभी मूल्यवान ग्राहकों – स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, एम्स, पीजीआई चंडीगढ़, मॉरीशस सरकार, पंजाब और हरियाणा सरकार, केरल सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ सरकार, उत्तर प्रदेश और अन्य बिजनेस एसोसिएट्स को निरंतर समर्थन देने के लिए और हम पर विश्वास के लिए आभार प्रकट करता हूं। कंपनी, हमेशा की तरह, ग्राहकों की संतुष्टि पर केंद्रित रहेगी।

मैं सीएजी, सांविधिक लेखा परीक्षकों और कंपनी के आंतरिक लेखा परीक्षकों को उनके बहुमूल्य सहयोग के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

मैं आपकी कंपनी के कर्मचारियों द्वारा सभी स्तरों पर किए गए कठिन परिश्रम, प्रतिबद्धता और निरंतर प्रयासों की सराहना करता हूं।

पुझे प्राप्त आपके सहयोग और समर्थन के बदले में मैं आपकी कंपनी को नई और ऊँचाई पर ले जाने का वादा करता हूँ।

धन्वाद सहित,

अधोहस्ताक्षरी

(ज्ञानेश पांडे)

महानिदेशक

नोटिस

एतद द्वारा नोटिस दिया जाता है कि एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों की वार्षिक सामान्य बैठक मंगलवार, 17 सितम्बर 2019 को दोपहर 12:30 बजे एनबीसीसी भवन, लोधी रोड़, नई दिल्ली 110003 में निम्नलिखित कार्यों के लिए आयोजित की जाएगी:

सामान्य कार्य:

1. 31 मार्च, 2019 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के ऑडिट किए गए वित्तीय विवरणों और उन पर निदेशक मंडल और लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार करना और स्वीकृति देना।
2. 31 मार्च, 2019 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए 100 रुपये प्रति (अर्थात1,660.33 प्रतिशत की दर पर) के इक्विटी शेयरों के भुगतान किए गए प्रति शेयर पर रुपये 1,660.33 (एक हजार छह सौ साठ रुपये) का लाभांश घोषित करना।
3. श्री ज्ञानेश पाण्डेय (डीआईएन 03555957) के स्थान पर एक निदेशक नियुक्त करना, जो रोटेशन से रिटायर होते हैं और फिर से नियुक्ति के लिए खुद को प्रस्तुत करते हैं।
4. वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षक(कों) के पारिश्रमिक को निर्धारित करने के लिए निदेशक मंडल को अधिकृत करना।

विशिष्ट कार्य:

4. **श्री शिवदास मीणा (डीआईएनः 01881010) की कम्पनी के निदेशक के रूप में नियुक्ति को नियमित करना और**

   निम्नलिखित सामान्य प्रस्तावों पर विचार करना और उचित हो तो अधिसूचना के साथ उसके बिना उन्हें पारित करनाः

   "प्रस्तावित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 149, 152 और दूसरे लागू प्रावधानों, यदि कोई है, और कम्पनी (निदेशकों की नियुक्ति और योग्यता) नियमावली, 2014 (वर्तमान में लागू कोई भी सांविधिक संशोधन(नों) या पुनःअधिनियमन शामिल है) के अनुसार श्री शिवदास मीणा (डीआईएनः 01881010), जिन्होंने आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के कार्यालय पत्र O-17034/45/2017- पीएस के अनुसार एचएससीसी के निदेशक का प्रभार 5 अप्रैल 2019 से संभाला है, को एतद द्वारा समय समय पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों पर कम्पनी का निदेशक नियुक्त किया जाता है।"

5. **श्री ज्ञानेश पांडे (डीआईएन 03555957) की कम्पनी के निदेशक (महानिदेशक) के रूप में नियुक्ति को नियमित करना और**

   यदि उचित हो तो निम्नलिखित प्रस्ताव को अधिसूचना के साथ या उसके बिना एक सामान्य प्रस्ताव के रूप में पारित करनाः

   "प्रस्तावित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 149, 152 और दूसरे लागू प्रावधानों, यदि कोई है, और कम्पनी (निदेशकों की नियुक्ति और योग्यता) नियमावली, 2014 (वर्तमान में लागू कोई भी सांविधिक संशोधन(नों) या पुनःअधिनियमन शामिल है) के अनुसार ज्ञानेश पांडे (डीआईएनः 0355957), जिन्होंने आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के कार्यालय पत्र O-17034/97/2018- पीएस के अनुसार एचएससीसी के निदेशक का प्रभार 1 फरवरी 2019 से संभाला है, को एतद द्वारा समय समय पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों पर कम्पनी का निदेशक नियुक्त किया जाता है।"

6. **श्रीमति नंदिता गुप्ता (डीआईएनः 02410865) की कम्पनी के निदेशक बोर्ड में सरकार के नामित निदशक के रूप में नियुक्ति को नियमित करना और यदि उचित हो तो निम्नलिखित प्रस्ताव को अधिसूचना के साथ या उसके बिना एक सामान्य प्रस्ताव के रूप में पारित करनाः**

"प्रस्तावित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 149, 152 और दूसरे लागू प्रावधानों, यदि कोई है, और कम्पनी (निदेशकों की नियुक्ति और योग्यता) नियमावली, 2014 (वर्तमान में लागू कोई भी सांविधिक संशोधन(नों) या पुनःअधिनियमन शामिल है) के अनुसार श्रीमति नंदिता दास (डीआईएनः 02410865), जिन्होंने आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के कार्यालय पत्र O-17034/97/2018-पीएस के अनुसार एचएससीसी के निदेशक का प्रभार 1 फरवरी 2019 से संभाला है, को एतद द्वारा समय समय पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों पर कम्पनी का निदेशक नियुक्त किया जाता है।"

7. **डॉ. (श्रीमति) विनोद पंथी (डीआईएनः 08523768) की कम्पनी के निदेशक बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति को नियमित करना और यदि उचित हो तो निम्नलिखित प्रस्ताव को अधिसूचना के साथ या उसके बिना एक सामान्य प्रस्ताव के रूप में पारित करनाः**

"प्रस्तावित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 149, 152 और दूसरे लागू प्रावधानों, यदि कोई है, और कम्पनी (निदेशकों की नियुक्ति और योग्यता) नियमावली, 2014 (वर्तमान में लागू कोई भी सांविधिक संशोधन(नों) या पुनःअधिनियमन शामिल है) के अनुसार डॉ. (श्रीमति) विनोद पंथी (डीआईएनः 02410865), जिन्होंने आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के कार्यालय पत्र O-17034/37/2018-पीएस के अनुसार 17 जुलाई 2019 से स्वतंत्र निदेशक का पद भार संभाला है, को एतद द्वारा समय समय पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों पर कम्पनी का निदेशक नियुक्त किया जाता है।"

निदेशक बोर्ड के आदेशों के द्वारा
एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के लिए
अधोहस्ताक्षरी
सीएस गुप्ता
(सीएफओ)

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 7 अगस्त 2019

नोटः

1. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 (1) के प्रावधानों के अनुसार विशेष कारोबार के संबंध में विवरण को यहां पर सलंग्न किया जा रहा है जिसे इस बैठक में किया जाना है:
2. कम्पनी का एक सदस्य जिसे वार्षिक सामान्य बैठक में उपस्थित होने और मतदान करने का अधिकार है उसके पास एक प्रतिनिधि या प्रतिनिधियों को उसकी तरफ से उपस्थित होने और मतदान करने के लिए नियुक्त करने का अधिकार है। एक प्रतिनिधि को कम्पनी का एक सदस्य होने की आवश्यकता नहीं है। प्रतिनिधि को प्रभावी होने के लिए बैठक शुरू होने से कम से कम 48 घण्टे पहले कम्पनी से सम्पर्क करना होगा। (प्रतिनिधि का का प्रपत्र सलंग्न है)

3. एक व्यक्ति पचास (50) से कम सदस्यों की तरफ से प्रतिनिधि बन सकता है और उनके पास मतदान करने के अधिकार के साथ कम्पनी की कुल शेयर पूंजि का दस प्रतिशत (10 प्रतिशत) हिस्सा होना चाहिए। एक सदस्य जिसके पास कम्पनी की कुल शेयर पूंजि का 10 प्रतिशत से अधिक है वह एक व्यक्ति को प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त कर सकता है और इस प्रकार का व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति या शेयरधारक के लिए काम नहीं करेगा।

4. 31 मार्च, 2019 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए निदेशक बोर्ड द्वारा 100 रुपये प्रति (अर्थात1,660.33 प्रतिशत की दर पर) के इक्विटी शेयरों के भुगतान किए गए प्रति शेयर पर रुपये 1,660.33 (एक हजार छह सौ साठ रुपये) का लाभांश घोषित किया गया है जो वार्षिक सामान्य बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन पर निर्भर है।

5. कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर स्थानांतरण पुस्तक मंगलवार, 11 सितम्बर 2019 से मंगलवार, 17 सितम्बर 2019 (दोनों दिवसों को मिलाकर) बंद रहेंगे ताकि इक्विटी शेयरों पर, यदि एजीएम में घोषित किया जाता है, लाभांश के लिए योग्य सदस्यों के नामों का निर्धारण किया जा सके।

6. साथ में दिए गए नोटिस में लिखित सभी दस्तावेज वार्षिक सामान्य बैठक से पहले जांच के लिए सभी कार्य दिवसों में प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक खुले हैं (शनिवार और रविवार को छोड़कर)।

7. बैठक में वार्षिक खातों के बारे मे कोई जानकारी प्राप्त करने के इच्छुक सदस्यों से आग्रह किया जाता है कि वे कृपया एजीएम की तिथि से कम से कम 7 दिन पहले कम्पनी को सूचित करें।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अनुसार व्याख्यात्मक विवरण

मद संख्या 4

05 अप्रैल, 2019 से आवास मंत्रालय और शहरी मामलों के कार्यालय आदेश संख्या ओ–17034/45/2017–पीएस दिनांक 05 अप्रैल, 2019 को, श्री शिव दास मीणा (डीआईएनः 01881010) को कंपनी के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया।

श्री शिव दास मीणा 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के तमिलनाडु काडर के अधिकारी हैं और सार्वजनिक सेवा में लगभग तीन दशक का अनुभव रखते हैं। वह सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं और बाद में उन्होंने जापान से मास्टर्स ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज की उपाधि प्राप्त की।

नागरिक सेवा में अपने करियर में श्री मीणा ने तामिलनाडु सरकार में विभिन्न महत्वपूर्ण क्षमताओं में सेवा की जिनमें कार्यकारी निदेशक एवं महानिदेशक–चेन्नई महानगर जल आपूर्ति एवं सिवरेज बोर्ड (सीएमडबल्युएसएसबी); कार्यकारी निदेशक– तामिलनाडु बिजली बोर्ड; महानिदेशक–तामिलनाडु चिकित्सा सेवा निगम; कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग में विशेष सचिव, तामिलनाडु के मुख्यमंत्री के मुख्य सचिव; अन्नामलाई विश्वविद्यालय के प्रशासक, आदि के रूप में कार्य करना शामिल है। सीएमडबल्युएसएसबी के महानिदेशक के रूप में, उन्होंने दो समुद्री जल विलवणीकरण संयंत्रों के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अन्नामलाई विश्वविद्यालय के प्रशासक के रूप में उन्होंने विश्वविद्यालय में कई प्रशासनिक और शैक्षणिक सुधारों को सफलतापूर्वक लागू किया।

वे अधिनियम की धारा 164 की शर्तों के संबंध में निदेशक के पद पर नियुक्त होने के लिए अयोग्य नहीं हैं। श्री शिव दास मीणा का विवरण सूचना के लिए 'परिशिष्ट–क' में दिया गया है।

श्री शिवदास मीणा के अलावा कोई भी निदेशक/मुख्य प्रबंधकीय कर्मचारी/उनके रिश्तेदार किसी भी तरह से वित्तीय या अन्यथा इस प्रस्ताव से संबंधित नहीं हैं या रूची नहीं रखते हैं। बोर्ड सूचना के मद संख्या 4 पर निर्धारित साधारण प्रस्ताव की सदस्यों के अनुमोदन के लिए की सिफारिस करता है।

मद संख्या 5

आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के कार्यालय आदेश संख्या ओ–17034/97/2018–पीएस दिनांक 1 फरवरी 2019 अनुसार श्री ज्ञानेश पांडे (डीआईएन 03555957) को 1 फरवरी 2019 से कम्पनी के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

श्री ज्ञानेश पांडे के पास सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि है और वे 01 जून 1995 से एचएससीसी के साथ काम कर रहे हैं। उनके पास परियोजना नियोजन और प्रबंधन में उनके पास लगभग 36 वर्ष का अनुभव है। वे 1 जून 2011 से एचएससीसी के बोर्ड के सदस्य रहे हैं और उनके पास कम्पनी के संचालनों का प्रभार रहा है।

वे अधिनियम की धारा 164 की शर्तों के संबंध में निदेशक के पद पर नियुक्त होने के लिए अयोग्य नहीं हैं। श्री ज्ञानेश पांडे का विवरण सूचना के लिए 'परिशिष्ट–क' में दिया गया है।

श्री ज्ञानेश पांडे के अलावा कोई भी निदेशक/मुख्य प्रबंधकीय कर्मचारी/उनके रिश्तेदार किसी भी तरह से वित्तीय या अन्यथा इस प्रस्ताव से संबंधित नहीं हैं या रूची नहीं रखते हैं। बोर्ड सूचना के मद संख्या 5 पर निर्धारित साधारण प्रस्ताव की सदस्यों के अनुमोदन के लिए की सिफारिस करता है।

मद संख्या 6

आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के कार्यालय आदेश संख्या ओ–17034/97/2018–पीएस दिनांक 1 फरवरी 2019 अनुसार श्रीमति नंदिता गुप्ता (डीआईएन 02410865) को 1 फरवरी 2019 से कम्पनी के सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

वे अधिनियम की धारा 164 की शर्तों के संबंध में निदेशक के पद पर नियुक्त होने के लिए अयोग्य नहीं हैं। श्रीमति नंदिता गुप्ता का विवरण सूचना के साथ 'परिशिष्ट–क' में दिया गया है।

श्रीमति नंदिता गुप्ता के अलावा कोई भी निदेशक/मुख्य प्रबंधकीय कर्मचारी/उनके रिश्तेदार किसी भी तरह से वित्तीय या अन्यथा इस प्रस्ताव से संबंधित नहीं हैं या रूची नहीं रखते हैं। बोर्ड सूचना के मद संख्या 6 पर निर्धारित साधारण प्रस्ताव की सदस्यों के अनुमोदन के लिए की सिफारिस करता है।

मद संख्या 7

आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के कार्यालय आदेश संख्या ओ–17034/37/2018–पीएस दिनांक 17 जुलाई 2019 अनुसार डॉ. (श्रीमति) विनोद पंथी को 1 अगस्त 2019 से कम्पनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

डॉ. (श्रीमति) विनोद पंथी 1 अगस्त 2019 से आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के नॉन–ऑफिशियल स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने जे.एल.एन मेडिकल कॉलिज से अपनी एमबीबीएस पूर्ण की है। डॉ (श्रीमति) विनोद पंथी के पास प्रसूति विज्ञान और स्त्रीरोग चिकित्सा के क्षेत्र में 22 वर्ष का अनुभव है। वर्तमान में वे निजी अभ्यास करती हैं।

डॉ. (श्रीमति) विनोद पंथी का विवरण सूचना के परिशिष्ट–क में दिया गया है।

डॉ. (श्रीमति) विनोद पंथी ने यह घोषणा की है कि वे कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 सहित कम्पनीज (निदेशकों की नियुक्ति और योग्यताएं) नियमावली, 2014 के अंतर्गत स्वतंत्र निदेशक के निर्धारित मानकों को पूरा करती हैं।

डॉ. (श्रीमति) विनोद पंथी के अलावा कोई भी निदेशक/मुख्य प्रबंधकीय कर्मचारी/उनके रिश्तेदार किसी भी तरह से वित्तीय या अन्यथा इस प्रस्ताव से संबंधित नहीं हैं या रूची नहीं रखते हैं। बोर्ड सूचना के मद संख्या 7 पर निर्धारित साधारण प्रस्ताव की सदस्यों के अनुमोदन के लिए की सिफारिस करता है।

निदेशक बोर्ड के आदेशों के द्वारा
एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के लिए
अधोहस्ताक्षरी
सीएस गुप्ता
(सीएफओ)

स्थानः नई दिल्ली

दिनांकः 7 अगस्त 2019

सलंग्नक–क

36वीं वार्षिक सामान्य बैठक में नियुक्ति/पुनःनियुक्ति के इच्छुक निदेशकों का संक्षिपत परिचय

नाम	श्री शिवदास मीणा (DIN 01881010)	श्रीमति नंदिता गुप्ता (DIN 02410865)	श्री ज्ञानेश पांडे (DIN 03555957)	डॉ. (श्रीमति) विनोद पंथी(DIN 08523768)
जन्म तिथि	5 अक्टुबर 1964	19 मई 1974	31 जुलाई 1961	26 दिसम्बर 1966
योग्यता	बी.टेक, मास्टर इन इंटरनैशनल स्टडीज	एमफिल (समाजशास्त्र)	बी.ई. (सिविल)	एमबीबीएस
नियुक्ति की तिथि	5 अप्रैल 2019	1 फरवरी 2019	1 जून 2011	1 अगस्त 2019
अनुभव	30 वर्ष (लगभग)	18 वर्ष (लगभग)	36 वर्ष (लगभग)	22 वर्ष (लगभग)
नियुक्ति के नियम एवं शत	समय समय पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुसार	समय समय पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुसार	समय समय पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुसार	समय समय पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुसार
बोर्ड में प्रथम नियुक्ति की तिथि	5 अप्रैल 2019	1 फरवरी 2019	1 जून 2011	1 अगस्त 2019
एचएसएससी में शेयरों की संख्या	शून्य	शून्य	6 (छह)	शून्य
अन्य निदेशकों के साथ संबंध और केएमपी	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
कार्य के विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञता	श्री शिवदास मीणा तमिलनाडु काडर के 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी श्री मीणा जिनके पास सार्वजनिक क्षेत्र में लगभग तीन दसकों को अनुभव है। श्री मीणा मालवीय क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलिज (अब मालवीय नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी), जयपुर से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। बाद में उन्होंने जापान से अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन में स्नातकोत्तर की। अध्यक्ष के रूप में श्री शिव दास मीणा एचएससीसी की विदेश निति और स्ट्रेटजिक निर्णयों की देखरेख करते हैं।	श्रीमति नंदिता गुप्ता ने 1 फरवरी 2019 से कम्पनी में सरकारी निदेशक के रूप में एचएससीसी बोर्ड में पद भार संभाला था। उनके पास सितम्बर 2018 से आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव का पद है। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यग्रहण करने से पहले उन्होंने जून 2016 से दिसम्बर 2017 तक धर्मशाला स्मार्ट सिटी लिमिटेड के निदेशक बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में और शहरी विकास मंत्रालय में निदेशक एस्टेट के रूप में भी कार्य किया है।	श्री ज्ञानेश पांडे के पास सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि है और वे 01 जून 1995 से एचएससीसी के साथ काम कर रहे हैं। उनके पास परियोजना नियोजन और प्रबंधन में उनके पास लगभग 36 वर्ष का अनुभव है। वे 1 जून 2011 से एचएससीसी के बोर्ड के सदस्य रहे हैं और उनके पास कम्पनी के संचालनों का प्रभार रहा है।	डॉ. (श्रीमति) विनोद पंथी 1 अगस्त 2019 से आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के नॉन–ऑफिशियल स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने जे.एल.एन मेडिकल कॉलिज से अपनी एमबीबीएस पूर्ण की है। डॉ (श्रीमति) विनोद पंथी के पास प्रसूति विज्ञान और स्त्रीरोग चिकित्सा के क्षेत्र में 22 वर्ष का अनुभव है। वर्तमान में वे निजी अभ्यास करती हैं।
अन्य कम्पनियों में निदेशक का पद*	एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, हिन्दुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड	हेमिस्फीयर प्रोप्रटीज इंडिया लिमिटेड, द देहली गोल्फ क्लब	शून्य	शून्य
अन्य कम्पनियों में समितियों की सदस्यता/अध्यक्षता*	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

*केवल सूचिबद्ध कम्पनियों में ऑडिट कमेटी और हिस्सेदार संबंध समीति की की सदस्यता पर विचार किया जाएगा।

एचससीसी की 36वीं वार्षिक सामान्य बैठक

दिनांकः 17 सितम्बर 2019

समयः दोपहर 12.30

स्थानः एनबीसीसी भवन, लोधी रोड़, नई दिल्ली 110003

रूट मैप

निदेशक की रिपोर्ट

प्रिय हिस्सेदार

आपकी कम्पनी के निदेशकों को एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के कार्यों और संचालनों पर 36वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तूत करते हुए खुशी हो रही है और 31 मार्च 2019 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए ऑडिट किए गए वित्तीय विवरणों और उन पर भारत के लेखानियंता और महालेखाकार की टिप्पणियां नीचे दी गई हैं:

वित्तीय मुख्य अंश

कम्पनी ने एक अप्रैल 2018 से भारतीय लेखा मानकों को अपनाया है और पिछले वर्ष के आंकड़ों को तदनुसार संशोधित किया है। भारतीय लेखा मानकों के अनुसार वर्ष 2017–18 के तुलनात्मक आंकड़ों के साथ वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए वित्तीय मुख्य अंश इस प्रकार हैं:

(रु. करोड)

विवरण	2018-19	2017-18
कुल आय	2,071.04	1,513.71
कुल व्यय	1,991.55	1,476.52
अपवाद और असामान्य मदों से पहले लाभ	79.49	37.19
अपवाद और असामान्य मद	–	0.14
कर से पहले लाभ	79.49	37.05
कर व्यय (शुद्ध)	29.68	13.47
कर के बाद लाभ	49.81	23.58
लाभांश (2018–19 के लिए प्रस्तावित)	29.89	11.24
शुद्ध लाभ	138.70	102.44
प्रति शेयर आय ;रुपयेद्ध	2,767.21	1,047.82

पूंजी संरचना

कम्पनी की अधिकृत शेयर पूंजी 5.00 करोड़ रुपये है। पूरे वर्ष के दौरान कम्पनी की चूकता शेयर पूंजी 1.18 करोड़ रुपये थी।

लाभांश

31 मार्च, 2019 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए कम्पनी के कार्यप्रदर्शन पर विचार करते हुए निदेशक बोर्ड द्वारा 100 रुपये प्रति (अर्थात1,660.33 प्रतिशत की दर पर) के इक्विटी शेयरों के भुगतान किए गए प्रति शेयर पर रुपये 1,660.33 (एक हजार छह सौ साठ रुपये) का लाभांश घोषित किया गया है जो वार्षिक सामान्य बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन पर निर्भर है। यह लगातार 35वां वर्ष है जिसमें कम्पनी ने लाभांश की घोषणा/प्रस्ताव किय है।

मंत्रालय/ग्राहक की तरफ से फंड

मंत्रालय/ग्राहकों की तरफ से फंड जिसे चालू सम्पत्ति और चालू देनदारियों के अंतर्गत विभिन्न मदों के अंतर्गत रखा गया है इस प्रकार है:

मंत्रालय/ग्राहकों की तरफ से –	31 मार्च 2019 के अनुसार	31 मार्च 2018 के अनुसार
क. चालू सम्पत्तिया	रुपये करोड	रुपये करोड
नकद और नकद के समान	165.32	70.52
अन्य बैंक बैलेंस (स्थायी और अस्थायी जमा)	2,340.16	2,042.40
अन्य सम्पत्तिया	429.74	429.74
कुल	**2,935.22**	**2,935.22**
ख. चालू देनदारियां	रुपये करोड	रुपये करोड
अन्य चालू देनदारियां	**2,935.22**	**2,709.41**

रिजर्व

31 मार्च 2019 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के दौरान कम्पनी ने अपने सामान्य रिजर्व में कोई राशि स्थानांतरित नहीं की।

कार्यप्रदर्शन के मुख्य अंश

आपकी कंपनी ने भौगोलिक और आर्थिक रूप से परिचालन के क्षेत्र में विस्तार को बनाए रखा। संचालन के क्षेत्रों में विस्तार, नवाचार और उत्कृष्टता के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। कंपनी की विभिन्न गतिविधियों के प्रदर्शन में उच्च स्तर की तकनीकी विशेषज्ञता और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए विशेषज्ञों और परामर्शदाताओं की सेवाओं का उपयोग किया जा रहा है।

वर्ष 2018–19 के दौरान, आपकी कंपनी को विभिन्न प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं के लिए डिजाइन और इंजीनियरिंग, परियोजना प्रबंधन और चिकित्सा उपकरणों की खरीद, दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स आदि के लिए परामर्श सेवा प्रदान करने का कार्य प्राप्त हुआ।

वर्ष 2018–19 के दौरान, आपकी कंपनी ने कुल 2,071.04 करोड़ रुपये का टर्नओवर और 138.70 करोड़ का शुद्ध लाभ हासिल किया है।

निरंतर चल रही प्रमुख परियोजनाओं की एक सूची सलंग्नक–क में दी गई है।

समझौता ज्ञापन

आपकी कम्पनी ने एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड के साथ वर्ष 2019–20 के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। कम्पनी को वर्ष 2017–18 के लिए डीपीई द्वारा 'गुड' का दर्जा दिया गया है और वर्ष 2018–19 के लिए परिणामों के आधार पर 'वैर गुड' का दर्जा दिया गया है।

स्ट्रैटजिक विनिवेश

निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, कंपनी इसी तरह के सीपीएसई के साथ स्टैटजिक विनिवेश की प्रक्रिया में थी। एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड (एनबीसीसी) को एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के 100 प्रतिशत स्ट्रैटजिक विनिवेश के लिए खरीदार के रूप में चुना गया है। एनबीसीसी को निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) द्वारा पत्र जारी किया गया था:

1. प्रबंधन नियंत्रण के हस्तांतरण के साथ–साथ भारत सरकार की मौजूदा 100 प्रतिशत चूकता इक्विटी शेयर पूंजी की बिक्री के लिए एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत 285 करोड़ की मूल्य बोली की स्वीकृति;
2. भारत के राष्ट्रपति की ओर से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को अधिकृत करना, अंतिम शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर करना;
3. एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड को छूट, जो उच्चतर बोलीदाता है, को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 2 (45) के अंतर्गत एक सरकारी कम्पनी होने के कारण सिक्युरिटी क्लीयरेंस प्राप्त करने की आवश्यकता से छूट।

शेयर खरीद समझौते पर 6 नवंबर, 2018 को हस्ताक्षर किए गए हैं। शेयरों के हस्तांतरण से संबंधित अन्य आवश्यक औपचारिकताओं को भी वित्तीय वर्ष 2018–19 में पूरा कर लिया गया है।

भारतीय लेखा मानक

31 मार्च 2019 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए अपने वित्तीय विवरण तैयार करने और महत्वपूर्ण लेखा नीतियों को अपनाने के लिए कंपनी ने भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स इंस्टीट्यूट (आईसीएआई) द्वारा निर्धारित भारतीय लेखा मानकों का पालन किया है और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा अधिसूचित किया गया है।

आईएसओ प्रमाणन

आपकी कम्पनी निर्माण, खरीद और सिविल निर्माण परियोजनाओं के प्रबंधन में आईएसओ 9001:2015 प्रमाणित है।

ऊर्जा संरक्षण, प्रोद्योगिकी समावेशन और विदेशी विनिमय और निर्यात

आपकी कंपनी ऊर्जा के संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूक है और प्राकृतिक प्रकाश, सौर प्रकाश और एलईडी इन्सटॉलेशन के अधिकतम उपयोग की सिफारिस के द्वारा अपने ग्राहकों के साथ परामर्श में इस पहलू का ध्यान रखा जाता है। आपकी कंपनी ने किसी भी प्रोद्योगिकी का आयात नहीं किया है और समीक्षा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष के दौरान विदेशी मुद्रा आय या निर्यात का विवरण निम्नानुसार है:

(रु. करोड़)

	2018-19	2017-18
क. व्यय		
– यात्रा	0.25	0.12
– सी.आई.एफ के आधार पर पूंजी माल का आयात (ग्राहकों की तरफ से)	42.57	75.86
ख. आय	**शून्य**	**शून्य**

कल्याकारी गतिविधियां

ज्ञान आधारित कंपनी होने के नाते एनबीसीसी की वास्तविक शक्ति इसकी मानव शक्ति में निहित है। कंपनी सक्षम पेशेवरों की एक टीम के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है और इसलिए अपने मानव संसाधनों के विकास पर ध्यान केंद्रित करती है। अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने के लिए सभी स्तरों पर कर्मचारियों को पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाते हैं। वर्ष के दौरान, कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिनियुक्त किया गया था कि कर्मचारियों के ज्ञान और कौशल को लगातार उन्नत किया जाए। 31 मार्च, 2019 तक, कंपनी के पास नियमित

वेतनमान पर 177 कर्मचारियों और निश्चित कार्यकाल के आधार पर 98 कर्मचारियों की श्रम शक्ति थी, जिसमें से 60 एससी/एसटी/ओबीसी श्रेणी के कर्मचारी और 3 पीडबल्युडी श्रेणी से संबंधित कर्मचारी शामिल थे। कर्मचारी प्रबंधन संबंध पूरे वर्ष उत्कृष्ट रहा। वर्ष के दौरान विभिन्न संवर्गों के 23 कर्मचारी एनबीसीसी से संगठन के साथ जुड़ गए हैं।

कल्याकारी गतिविधियां

आपकी कम्पनी निरंतर आयोजन कर रही है, विभिन्न अवसरों पर उत्सव मना रही है, कर्मचारियों और उनके परिवारों को अभिप्रेरित करने के लिए यात्राओं का आयोजन करती है तथा सामाजिक लाभ प्रदान करती है।

राजभाषा को लागू करना और संवर्धन

कंपनी ने वर्ष 2018–19 के दौरान सरकारी कामकाज में हिन्दी राजभाषा के प्रयोग को बढाने के संबंध में राजभाषा अधिनियम और नियमावली में भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रयास करना जारी रखा। कर्मचारियों को दैनिक काम–काज में हिंदी के अपने ज्ञान का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। सभी मानक प्रपत्र, फाइलें, आदि द्विभाषी हैं। हिंदी में पत्राचार, नोटिंग और आलेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। सभी हिंदी पत्रों का उत्तर हिंदी में ही दिया जा रहा है। हिंदी के उपयोग को लोकप्रिय बनाने के लिए, कंपनी ने 10 सितंबर, 2018 से 24 सितंबर, 2018 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया, जिसके दौरान राजभाषा के ज्ञान पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अलावा, कंपनी गृह मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन टाउन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नोएडा की सदस्य भी है और विभिन्न प्रतियोगिताओं, बैठक, सेमिनार आदि में भी प्रतिनिधित्व करती है।

सतर्कता

कंपनी पीएसयू के समूह सी श्रेणी में एक परामर्श संगठन है जिसके कारण कंपनी में कोई पूर्णकालिक सतर्कता अधिकारी (वीओ) नहीं है। श्री आर.के. अग्रवाल, जीएम – विद्युत सतर्कता अधिकारी (वीओ) के रूप में 14 नवम्बर 2014 से कार्य कर रहे हैं। वर्ष के दौरान, सतर्कता प्रकोष्ठ ने प्रबंधन के एक प्रभावी अनुभाग के रूप में कार्य किया है। वार्षिक रिपोर्ट, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट, मासिक रिपोर्ट, निजी विदेशी दौरे, सीटीई के उत्तर जांच संबंधित एजेंसियों को समय पर सौंपे गए। समय–समय पर प्राप्त सीवीसी दिशानिर्देशों का पालन किया गया था और सावधानी और निवारक उपाय के रूप में पालन किया गया था और जांच संबंधी कार्यों को उचित प्रकार से पूरा किया गया था। आगे के सुधारों के लिए मौजूदा प्रणालियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा की गई और कंपनी के कामकाज में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए गए। केंद्रीय सतर्कता आयोग ने 29 अक्टूबर, 2018 से 3 नवंबर, 2018 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया और कर्मचारियों के उच्च नैतिक स्तर को बनाए रखने के लिए आपकी कंपनी ने भी सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया। कंपनी के सभी कर्मचारियों को प्रतिज्ञा दिलाई गई। 29 अक्टूबर, 2018 को एक कार्यशाला/संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। हमने केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा दिए गए विषय 'भ्रष्टाचार मिटाओ – एक नए भारत का निर्माण करो' पर व्याख्यान देने के लिए एक प्रतिष्ठित संकाय सदस्य श्री जे. स्वरूप को आमंत्रित किया।

जमा

समीक्षागत वर्ष के दौरान कम्पनी ने कोई जमा स्वीकार नहीं किया और 31 मार्च 2019 को कोई मूल राशि या ब्याज बकाया नहीं है।

ऋण, गारंटी और निवेश

कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 186 के प्रावधानों के अंतर्गत कोई ऋण, गारंटी प्रदान नहीं की है और कोई निवेश नहीं किया है।

सहायक कम्पनियां, संयुक्त उद्यम और सहयोगी कम्पनियां

कम्पनी के पास कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार कोई सहायक, सहयोगी या संयुक्त कम्पनी नहीं है। लेकिन अब कम्पनी एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड की सहायक कम्पनी बन गई जिसके 100 प्रतिशत शेयरों को एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने खरीद लिया है।

कर्मचारियों का विवरण

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143 के सहित कम्पनी कर्मचारी विवरण नियमावली, 1975, समय समय पर संशोधनों सहित, के अनुसार कर्मचारियों के विवरण घोषित करने की जरूरत होती है। कम्पनी के किसी भी कर्मचारी को 1.02 करोड़ रुपये वार्षिक या 8.50 लाख मासिक से अधिक मानदेय प्राप्त नहीं हुआ।

जोखिम प्रबंधन

कम्पनी के कार्यों को प्रभावित कर सकने वाले मुख्य जोखिमों और अनिश्चितताओं को प्रबंधित करने के लिए कम्पनी के पास स्वयं की जोखिम प्रबंधन निति है।

अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय नियंत्रण

आपकी कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली उसके व्यवसाय की प्रकृति और संचालन के आकार और जटिलता के अनुरूप हैं। कंपनी के पास वित्तीय विवरणों के संदर्भ में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण है।

लेखापरीक्षा समीति

आपकी कम्पनी ने बोर्ड सदस्यों के साथ ऑडिट कमेटी का गठन किया है। ऑडिट कमेटी की अनुशंसाओं को बोर्ड द्वारा स्वीकार किया जाता है।

मानदेय समीति

कम्पनी ने बोर्ड सदस्यों के साथ मानदेय समीति का गठन किया

औद्योगिक संबंध

वर्ष के दौरान सामंजस्यपूर्ण औद्योगिक संबंधों को बनाए रखा गया, जिसके परिणामस्वरूप हड़ताल या श्रम अशांति के कारण मानव कार्य दिवसों का कोई नुकसान नहीं हुआ।

प्रबंधन चर्चाएं और विश्लेषण रिपोर्ट (एमडीए) और कॉर्पोरेट प्रशासन

आपकी कंपनी में कॉर्पोरेट प्रशासन प्रथाएं पारदर्शिता, अखंडता, व्यावसायिकता और जवाबदेही पर केंद्रित है। त्रैमासिक रिपोर्ट सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा निर्धारित प्रारूप में है। कॉर्पोरेट प्रशासन पर दिशानिर्देशों के अनुसार,

कॉर्पोरेट प्रशासन के बारे में स्थिति को सूचित करते हुए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को प्रस्तुत किया जा रहा है। सार्वजनिक उपक्रम विभाग द्वारा जारी कॉरपोरेट प्रशासन पर दिशानिर्देशों के अनुसार, एक 'प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट' और 'कॉरपोरेट प्रशासन रिपोर्ट' को क्रमशः सलंग्नक–1 और 2 में रखा गया है।

संबंधित पक्षों के साथ अनुबंध और व्यवस्थाए

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटैंट्स ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर जारी निर्देश नोट में वर्णित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर कम्पनी आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने और उनका रखरखाव करने के लिए जिम्मेदार है। इन जिम्मेदारियों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव शामिल है जो कंपनी के नीतियों के पालन, अपनी संपत्ति की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और पहचान सहित अपने व्यवसाय के क्रमबद्ध और कुशल आचरण को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से चल रहे थे। कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत लेखा रिकॉर्ड्स की सटीकता और पूर्णता, और विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की समय पर तैयार थी।

ऑडिटरों का उत्तरदायित्व

हमारा उत्तरदायित्व है हमारे ऑडिट के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर कम्पनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर एक राय व्यक्त करना। हमने हमारा ऑडिट वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर मार्गदर्शन नोट और आईसीएआई द्वारा जारी ऑडिटिंग मानकों के अनुसार किया है और उसे कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (10) के अंतर्गत निर्धारित किया जाता है। ये दोनों आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर लागू होते हैं और दोनों को आईसीएआई द्वारा जारी किया जाता है। इन मानकों और मार्गदर्शन नोट में यह अनिवार्य है कि हम नैतिक आवश्यकताओं की अनुपालना करें और ऑडिट को यह सुनिश्चित करने के लिए तर्कपूर्ण विश्वसनीयता प्राप्त करने के लिए नियोजित और पूरा किया जाता है कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित किया गया और बनाए रखा गया और क्या इस प्रकार के नियंत्रण सभी महत्वपूर्ण मामलों में प्रभावी रूप से काम कर रहे थे। हमारे ऑडिट में वित्तीय रिपोर्टिंग और उनके परिचालन की प्रभावशीलता पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता के बारे में ऑडिट साक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रियाएं शामिल है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के हमारे ऑडिट में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना, महत्वपूर्ण कमी के जोखिम का आकलन करना शामिल, और यह मूल्यांकन किए गए जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रण के डिजाइन और संचालन प्रभावशीलता का परीक्षण और मूल्यांकन करता है। चयनित प्रक्रियाएं ऑडिटर के फैसले पर निर्भर करती हैं, जिसमें वित्तीय विवरण ों के गलत मूल्यांकन के जोखिम का मूल्यांकन शामिल है, चाहे वह धोखाधड़ी के कारण हो या त्रुटि के कारण हो। हम मानते हैं कि हमने जो ऑडिट साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी ऑडिट राय के लिए एक आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

वित्तीय रिपोर्टिंग पर एक कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण, वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और आमतौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार बाहरी उद्देश्यों के लिए वित्तीय विवरणों की तैयारी के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई प्रक्रिया है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर एक कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में उन नीतियों और प्रक्रियाओं को शामिल किया जाता है जो (1) रिकॉर्ड के रखरखाव से संबंधित हैं, जो उचित विस्तार से, कंपनी की परिसंपत्तियों के लेनदेन और निपटान को सही और निष्पक्ष रूप से दर्शाती हैं (2) उचित आश्वासन प्रदान करते हैं कि लेनदेन को वित्तीय विवरणों की तैयारी के लिए आम तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार रिकॉर्ड किया गया है, और कंपनी की प्राप्ति और व्यय कंपनी के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकरणों के अनुसार ही किए जा रहे हैं; और (3) कंपनी की संपत्ति के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग, या निपटान के बारे में समय पर पता लगाने या उचित विवरण प्रदान करने के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करता है जो वित्तीय विवरणों पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाएं

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण, जिसमें नियंत्रण की सांठ गांठ या अनुचित प्रबंधन ओवरराइड की संभावना शामिल है, त्रुटि या धोखाधड़ी के कारण महत्वपूर्ण गलतियाँ हो सकती हैं और उनका पता न लगने की संभावना होती है। इसके अलावा, भविष्य के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के किसी भी मूल्यांकन के अनुमान इस जोखिम के अंतर्गत आते हैं कि वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थितियों में परिवर्तन के कारण अपर्याप्त हो सकता है, या यह कि नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन का स्तर निम्न हो सकता है।

राय

हमारी राय में, वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली कमजोर है और इन्सटीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटैंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर मार्गदर्शन नोट में उल्लिखित महत्वपूर्ण घटकों पर विचार करते हुए कम्पनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर इस प्रकार के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों में सुधार की आवश्यकता है।

एमएल पुरी एण्ड कम्पनी
चार्टर्ड अकाउंटैंट्स के लिए
एफआरएनः 002312एन

अधोहस्ताक्षरी
सीए राजेश चंद गुप्ता
(हिस्सेदार)
एम.न.: 095584

दिनांकः 25 मई 2019
स्थानः नई दिल्ली

स्वतंत्र ऑडिटरों की रिपोर्ट का सलंग्नक 3

वर्ष 2018–19 से लागू कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (5) के अंतर्गत दिशानिर्देश

भारत के लेखा नियंता और महा लेखापरीक्षक द्वारा कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (5) के अंतर्गत वर्ष 2018–19 के लिए एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के वार्षिक खातों के ऑडिट के दौरान संविधिक ऑडिटरों द्वारा जांच किए जाने वाले क्षेत्रों को दर्शाते हुए निर्देश/उप–निर्देश

निर्देश	उठाए गए कदम	वित्तीय विवरणों पर प्रभाव
1. क्या कंपनी के पास आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लिए सिस्टम है? यदि हाँ, तो वित्तीय निहितार्थों, यदि कोई है, के साथ साथ आईटी सिस्टम से बाहर खातों के लेनदेन की प्रक्रिया के खातों की विश्वसनीयता के निहितार्थों का वर्णन किया जा सकता है।	कम्पनी के पास लेखांकन आधारित ईआरपी का केंद्रीकृत सिस्टम है लेकिन प्रत्येक परियोजना के लिए अलग ट्रायल तैयार किए जाते हैं। कम्पनी अंतर–इकाई(प्रोजेक्ट) का रखरखाव की पॉलिसी का पालन नहीं करती जिसके कारण धोखाधड़ी हो सकती है और ग्राहकों के खातों का मिलना नहीं होता। इसके अलावा मिलान ईआरपी से बाहर भी किए जा सकते हैं और इसलिए कुछ प्रविष्टियां मिलान से छूट जाती हैं। संचित ब्याज का मिलान नियमित आधार पर नहीं होता, जो लेखांकन सिस्टम में प्रमुख कमियां हैं। (नोट संख्या–26, 29–II (घ और ड़) देखें।	इस स्तर पर सम्पूर्ण प्रभाव को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। प्रभाव को केवल उस समय सुनिश्चित किया जा सकता है जब संदेहास्पद लेनदेनों की पहचान की जाती है।
2. क्या कम्पनी की लोन चुकाने की अयोग्यता के कारण उधारदाता द्वारा एक वर्तमान ऋण या छूट/ऋणों/लोनों/ब्याज आदि को बट्टेखाते की पुनःसंरचना की गई है? यदि हां तो अंतिम प्रभाव का उल्लेख किया जा सकता है।	हमें प्रदान की गई जानकारी और स्पष्टीकरणों के अनुसार ऋणों/लोनों/ब्याज आदि की छूट/बट्टे खाते डालने का कोई मामला नहीं है।	शून्य

क्या केंद्र/राज्य की एजेंसियों से विशेष योजनाओं के लिए प्राप्त/प्राप्य फंडों को उचित प्रकार से इसके नियमों और शर्तों के अनुसार उपयोग किया गया था? उलंघनों के मामलों का उल्लेख करें।	मंत्रालय से परियोजना के कार्यान्वयन के लिए फंडों को प्राप्त किया गया है। वर्ष के अंत में मंत्रालय के खाते में बकाया बैलेंस के संबंध में हमारे पास कोई पुष्टि नहीं है। हमें यह जानकारी दी गई है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान मंत्रालय के साथ कोई मिलान नहीं किया गया है। (मुख्य रिपोर्ट की योग्य राय के आधार के बिंदु नं. 2, 3 और 4 को देखें)।	पुष्टि के वर्ष में इसका ध्यान रखा जाएगा और इसलिए फंड के उपयोग की पुष्टि केवल परियोजना के स्वामी/मंत्रालय की प्राप्ति पर ही की जा सकती है।

एमएल पुरी एण्ड कम्पनी
चार्टर्ड अकाउंटैंट्स के लिए
एफआरएनः 002312एन

अधोहस्ताक्षरी
सीए राजेश चंद गुप्ता
(हिस्सेदार)
एम.न.: 095584

दिनांकः 25 मई 2019
स्थानः नई दिल्ली

31 मार्च 2019 को एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड के ऑडिटरों की रिपोर्ट के आधार पर समेकित वित्तीय विवरण पर संविधिक ऑडिटर की योग्यता के संबंध में प्रबंधन का जवाब

<table>
<tr><th>क्रम संख्या</th><th>ऑडिटर की टिप्पणी</th><th>प्रबंधन का जवाब</th></tr>
<tr><td>1</td><td>निम्नलिखित बैंकों का मिलान बकाया है, इसलिए मिलान रहित बैंक बैलेंस का प्रभाव कम्पनी के लाभ और हानि व बैलेंस शीट पर होगा, जिसका अनुमान वर्तमान में नहीं लगाया जा सकता।
<table>
<tr><th>क्रम सं.</th><th>बैंक का नाम</th><th>शाखा</th><th>परियोजना जिसके साथ संबंध है (प्रोजेक्ट नं.)</th><th>खाता नम्बर</th></tr>
<tr><td>1</td><td>इंडियन ओवरसीज बैंक</td><td>सेक्टर–1 ए नोएडा</td><td>आयुष नई दिल्ली</td><td>172502000000644</td></tr>
<tr><td>2</td><td>इंडियन ओवरसीज बैंक</td><td>सेक्टर–1 ए नोएडा</td><td>एचएससीसी बैंक खाता</td><td>172502000000151</td></tr>
<tr><td>3</td><td>इंडियन ओवरसीज बैंक</td><td>सेक्टर–1 ए नोएडा</td><td>एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड</td><td>172502000000331</td></tr>
<tr><td>4</td><td>एसबीआई</td><td>सेक्टर–1 ए नोएडा</td><td>एम्स का नया ओपीडी ब्लॉक</td><td>34930766338</td></tr>
<tr><td>5</td><td>इंडियन ओवरसीज बैंक</td><td>सेक्टर–1 ए नोएडा</td><td>पीएमएसएसवाई जीटीबी अमृतसर</td><td>172501000017019</td></tr>
<tr><td>6</td><td>इंडियन ओवरसीज बैंक</td><td>सेक्टर–1 ए नोएडा</td><td>तेजपुर एलजीबीआरआईएमएस</td><td>172501000017325</td></tr>
<tr><td>7</td><td>एचडीएफसी</td><td>सेक्टर–26 नोएडा</td><td>एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड</td><td>502000011829157</td></tr>
</table></td><td>कम्पनी ने उक्त तिथि को सात मिलान रहित बैंकों में से पांच का मिलान कर लिया है। शेष दो मिलान रहित बैंकों के साथ उचित फोलो अप और कॉम्युनिकेशन्स किया जा रहा है।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>बैंकों से प्राप्य ब्याज, रिटेंशन मनी अकाउंट, ग्राहक जमा निधियां, व्यापार प्राप्य, व्यापार देय, ईएमडी, सिक्युरिटी जमा (प्राप्य और देय दोनों), मंत्रालयों के बैलेंस, प्रत्यक्ष कर, अप्रत्यक्ष कर और अन्य राज्य करों के संबंध में ग्राहक और सरकार के शुल्कों की पुष्टि और मिलान नहीं किया गया है। मिलान न किए गए बैलेंसों का कम्पनी के लाभ और हानि व बैलेंस शीट पर प्रभाव होगा जिसका अनुमान वर्तमान में नहीं लगाया जा सकता।</td><td>एचएससीसी ने केंद्र सरकार, राज्य सरकार और पीएसयू से कार्यों को प्राप्त किया है। लेखांकन कार्यव्यवहारों के अनुसार गाहकों से बैलेंस की पुष्टि कम्पनी द्वारा की जा रही है। प्रबंधन की राय है कि वह वित्त वर्ष 2019–20 में पर्याप्त बैलेंस की पुष्टि कर पाएगा।</td></tr>
</table>

क्रम संख्या	ऑडिटर की टिप्पणी	प्रबंधन का जवाब
3	आंतरिक नियंत्रण तंत्र, जिसमें सभी लेनदेनों की जांच और पुष्टि की आवश्यकता है जिसमें कम्पनी द्वारा एफडीआर में किए गए स्थायी जमा पर ब्याज, संचित ब्याज और लिक्विड फंड और ठेकेदारों को सुरक्षित अग्रिमों का समय पर लेखांकन और समयोजन, ठेकेदारों और पेशेवरों को अंतरिम बिलों का भुगतान, व्यय, आय और खातों बैंक लेनदेन शामिल है, कमजोर पाया गया है और इसलिए हानियों की संभावना को बढाता है जिनका अनुमान नहीं लगाया जा सकता। (वित्तीय विवरण पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण)	आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की योग्यता के संबंध में कम्पनी अपने आंतरिक वित्तीय नियंत्रण को मजबूत करने की प्रक्रिया में है। कम्पनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का प्राथमिक मूल्यांकन बाहरी एजेंसी द्वारा किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त विस्तृत परीक्षण और मजबूत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए चार्टर्ड अकाउंटैंट्स की एक फर्म को नियुक्त करने की प्रक्रिया प्रस्तावित है।
4	कुछ परियोजनाएं हैं जो पूरी हो चुकी हैं और मंत्रालय/ग्राहक को सौंप दी गई हैं लेकिन इन कम्पनी के खातों में इनका वित्तीय समापन नहीं किया गया है। इसके अलावा कुछ परियोजनाएं हैं जो पूरी हो चुकी हैं लेकिन उनका अधिग्रहण नहीं किया गया है। इसका लाभ और हानि खाते पर प्रभाव उस वर्ष में होगा जिसमें वित्तीय समापन किया जाएगा।	यह महसूस किया जाता है कि भौतिक रूप से समाप्त परियोजन का समापन वर्तमान वित्तीय वर्ष में संभवतः पूरा किया जाएगा

अधोहस्ताक्षरी

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 7 अगस्त 2019

सीएस गुप्ता
;सीएफओद्ध

31 मार्च 2019 को बैलेंस शीट

(रुपये लाखों में)

	विवरण	नोट संख्या	31 मार्च 2019 को	31 मार्च 2018 को	31 मार्च 2017 को
I.	**सम्पत्तिय**				
	1. गैर चालू सम्पत्तियां				
	(क) प्रोप्रटी, प्लांट और उपकरण	2	7,494.15	681.86	691.94
	(ख) अमूर्त सम्पत्तियां	3	2.09	6.25	7.13
	(ग) विकास के अंतर्गत अमूर्त सम्पत्तियां	4	13.16	13.16	6.21
	(घ) वित्तीय सम्पत्तियां				
	(i) अन्य वित्तीय सम्पत्तियां	5	32.73	35.58	37.01
	(ङ) आस्थगित कर सम्पत्तियां (शुद्ध)	6	3,950.02	5,133.40	4,384.94
			11,492.15	5,870.25	5,127.23
	2. चालू सम्पत्तियां				
	(क) वित्तीय सम्पत्तियां				
	(i) व्यापार प्राप्य राशियां	7	8,534.19	11,027.57	6,965.88
	(ii) नकद और नकद तुल्य	8	19,663.88	10,159.06	17,148.56
	(iii) अन्य बैंक बैलेंस	9	2,58,419.63	2,12,691.63	1,44,499.29
	(iv) अन्य वित्तीय सम्पत्तियां	10	24,923.94	43,443.75	44,325.41
	(ख) चालू कर सम्पत्तियां (शुद्ध)	11	568.49	622.42	356.44
	(ग) अन्य चालू सम्पत्तियां	12	22,746.22	19,985.78	15,802.80
			3,34,856.35	**2,97,930.21**	**2,29,098.38**
	कुल सम्पत्तियां		**3,46,348.50**	**3,03,800.46**	**2,34,225.61**
II.	**इक्विटी और देनदारियां**				
	1. इक्विटी	13			
	(i) इक्विटी शेयर पूंजी		180.01	180.01	240.02
	(ii) अन्य इक्विटी		13,690.19	10,063.87	13,959.81
	कुल इक्विटी		13,870.20	10,243.88	14,199.83
	कुल इक्विटी				
	2. देनदारियां –				
	चालू देनदारियां				
	(क) प्रावधान	14	960.94	870.13	741.25
			960.94	870.13	741.25
	चालू देनदारियां				
	(क) वित्तीय देनदारियां				
	(i) व्यापार देय	15			
	–माइक्रो और छोटे उपक्रमों का काया		760.04	-	-
	–क्रेडिटरों का बकाया माइक्रो और दोटे उपक्रमों के अलावा		68,019.64	39,072.43	19,140.02
	(ii) अन्य वित्तीय देनदारियां	16	43,570.74	58,587.61	60,952.20
	(ख) अन्य चालू देनदारियां	17	2,15,353.34	1,91,197.65	1,35,535.10
	(ग) प्रावधान	18	3,813.60	3,828.76	3,657.21
			3,31,517.36	2,92,686.45	2,19,284.53
	कुल इक्विटी और देनदारियां		**3,46,348.50**	**3,03,800.46**	**2,34,225.61**

महत्वपूर्ण लेखांकन पॉलिसियों का सारांश और अन्य स्पष्टीकरण सूचना नोट 1 से 41

निदेशक बोर्ड के लिए और बोर्ड की तरफ से

अधोहस्ताक्षरी/–
(ज्ञानेश पांडे)
महानिदेशक
(डीआईएनः 03555957)

अधोहस्ताक्षरी/–
(नंदिता गुप्ता)
निदेशक/संयुक्त निदेशक
(डीआईएनः 02410865)

अधोहस्ताक्षरी/–
(चंद्र शेखर गुप्ता)
जीएम (एफएण्डए)

अधोहस्ताक्षरी/–
(अजय सूरी)
डीजीएम (एफएण्डए)

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 25 मई 2019

संलग्न सम तिथि की रिपोर्ट के अनुसार
एम.एल. पुरी एण्ड कम्पनी के लिए
चार्टर्ड अकाउंटैंट्स
(आईसीएआई फर्म रजि. नं.: 002312एन)
अधोहस्ताक्षरी/–
राजेश चंद गुप्ता
हिस्सेदार
सदस्यता संख्या. 095584

31 मार्च 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लाभ और हानि का विवरण

(रुपये लाखों में)

	विवरण	नोट संख्या	31 मार्च 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए	31 मार्च 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए
I.	संचालनों से आय			
	सेवाओं का मूल्य	19	204,946.25	150,352.00
	अन्य संचालन आय	20	1,381.18	196.38
II.	अन्य आय		776.35	822.65
III.	**कुल आय (I + II)**		**207,103.78**	**151,371.03**
IV.	**व्ययः**			
	कार्य और परामर्श व्यय	22	194,317.88	141,684.61
	कर्मचारी लाभ व्यय		3,948.28	3,895.03
	ह्रास और ऋणशोधन व्यय	24	43.63	78.40
	अन्य व्यय			1,994.43
	ऋण माफी			-
	कुल व्यय (IV)		**199,154.56**	**147,652.47**
V.	**अपवाद मदों और करों से पहले लाभ (III-IV)**		**7,949.22**	**3,718.56**
VI.	अपवाद मद			(13.46)
VII.	कर से पहले लाभ (V-VI)		7,949.22	3,705.10
VIII	कर व्यय रू			
	(1) चालू कर			2,095.79
	(2) आस्थगित कर			(748.46)
	(3) पिछले वर्षों के संबंध में कर		202.87	-
IX.	अवधि के लिए लाभ/हानि (VII-VIII)	(VII-VIII)	**4,981.37**	**2,357.77**
X.	अन्य व्यापक आय			
	(i) मदें जिनका मिलान लाभ और हानि से नहीं होगा		-	-
	(ii) उन मदों से संबंधित आय कर जिन्हें लाभ/हानि के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाएगा		-	-
XI.	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (IX+X)		**4,981.37**	**2,357.77**
XVI.	प्रति शेयर आय (प्रति इक्विटी शेयर का अंकित मूल्य 100 रु.)	28		
	(1) बेसिक (रु. में)			**1,047.82**
	(2) मिश्रित (रु. में)			**1,047.82**

महत्वपूर्ण लेखा पॉलिसी का सरांश और अन्य व्याख्यात्मक सूचना नोट 1 से 41

निदेशक बोर्ड के लिए और बोर्ड की तरफ से

अधोहस्ताक्षरी/–
(ज्ञानेश पांडे)
महानिदेशक
(डीआईएनः 03555957)

अधोहस्ताक्षरी/–
(नंदिता गुप्ता)
निदेशक/संयुक्त निदेशक
(डीआईएनः 02410865)

अधोहस्ताक्षरी/–
(चंद्र शेखर गुप्ता)
जीएम (एफएण्डए)

अधोहस्ताक्षरी/–
(अजय सूरी)
डीजीएम (एफएण्डए)

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 25 मई 2019

संलग्न सम तिथि की रिपोर्ट के अनुसार
एम.एल. पुरी एण्ड कम्पनी के लिए
चार्टर्ड अकाउंटैंट्स
(आईसीएआई फर्म रजि. नं.: 002312एन)
अधोहस्ताक्षरी/–
राजेश चंद गुप्ता
हिस्सेदार
सदस्यता संख्या. 095584

31 मार्च 2019 को इक्विटी में परिवर्तन का विवरण

क. इक्विटी शेयर पूंजी

(रुपये लाखों में)

विवरण	रिपोर्टिंग अवधि के शुरू में बैलेंस	वर्ष के दौरान इक्विटी शेयर पूंजी में परिवर्तन	रिपोर्टिंग अवधि के अंत में बैलेंस
31 मार्च 2018 को बैलेंस	240.02	(60.00)	**180.01**
31 मार्च 2019 को बैलेंस	180.01	-	**180.01**

ख. अन्य इक्विटी

(रुपये लाखों में)

विवरण	रिजर्व और सरप्लस			कुल
	सामान्य रिजर्व	पूंजी ऋणशोधन रिजर्व	प्रतिधारित आय	
1 अप्रैल 2017 को बैलेंस	**3,195.54**	-	**10,764.27**	**13,959.81**
अवधि के लाभ	-	-	2,357.77	2,357.77
पुनः खरीद विप्रेषण	-	-	(4,895.73)	(4,895.73)
भुगतान किया गया लाभांश जिसमें लाभांश वितरण कर शामिल है	-	-	(1,357.98)	(1,357.98)
प्रतिधारित आय से ट्रांसफर	200.00	-		200.00
पूंजी ऋणशोधन रिजर्व का सृजन	(60.00)	60.00	-	-
31 मार्च 2018 को बैलेंस	3,335.54	60.00	6,868.33	10,263.87
अवधि के लिए लाभ	-		4,981.37	4,981.37
लाभांश का भुगतान जिसमें अंतरिम लाभांश और लाभांश वितरण कर शामिल है	-	-	(1,355.06)	(1,355.06)
31 मार्च 2019 को बैलेंस	**3,335.54**	**60.00**	**10,494.64**	**13,890.18**

महत्वपूर्ण लेखा पॉलिसी का सरांश और अन्य व्याख्यात्मक सूचना नोट 1 से 41

निदेशक बोर्ड के लिए और बोर्ड की तरफ से

अधोहस्ताक्षरी/–
(ज्ञानेश पांडे)
महानिदेशक
(डीआईएनः 03555957)

अधोहस्ताक्षरी/–
(नंदिता गुप्ता)
निदेशक/संयुक्त निदेशक
(डीआईएनः 02410865)

अधोहस्ताक्षरी/–
(चंद्र शेखर गुप्ता)
जीएम (एफएण्डए)

अधोहस्ताक्षरी/–
(अजय सूरी)
डीजीएम (एफएण्डए)

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 25 मई 2019

संलग्न सम तिथि की रिपोर्ट के अनुसार
एम.एल. पुरी एण्ड कम्पनी के लिए
चार्टर्ड अकाउंटैंट्स
(आईसीएआई फर्म रजि. नं.: 002312एन)
अधोहस्ताक्षरी/–
राजेश चंद गुप्ता
हिस्सेदार
सदस्यता संख्या. 095584

31 मार्च 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए नकदी प्रवाह विवरण

(रुपये लाखों में)

	विवरण	31 मार्च 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए	31 मार्च 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए
क.	संचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह		
	कर और विशेष मदों से पहले शुद्ध लाभ	7,949.23	3,705.10
	निम्न के लिए समायोजनरू		
	सम्पत्ति, प्लांट और उपकरण का ह्रास	38.80	75.22
	अमूर्त सम्पत्तियों पर ऋणशोधन	4.83	3.18
	सम्पत्तियों की बिक्री पर (लाभ)/हानि (शुद्ध)	-	(0.04)
	ब्याज से आय	(776.35)	(792.12)
	क्रियाशील पूंजी में परिवर्तनों से पहले क्रियाशील लाभ	**7,216.50**	**2,991.34**
	निम्न के लिए समायोजनः		
	अन्य वित्तीय सम्पत्ति में घटोतरी/बढोतरी (गैर–चालू)	2.85	1.43
	व्यापारिक प्राप्य राशियों में घटोतरी/बढोतरी	2,493.38	(4,061.69)
	अन्य वित्तीय सम्पत्तियों (चालू) में घटोतरी/बढोतरी	18,520.00	883.88
	अन्य चालू सम्पत्तियों में घटोतरी/बढोतरी	(2,760.44)	(4,182.98)
	प्रावधानों–गैर चालू में घटोतरी/बढोतरी	90.81	128.88
	व्यापार प्राप्य राशियों में घटोतरी/बढोतरी	29,707.25	19,932.41
	अन्य वित्तीय देनदारियों (चालू) में घटोतरी/बढोतरी	(15,016.87)	(2,364.59)
	प्रावधान–चालू, में घटोतरी/बढोतरी	(15.16)	171.55
	अन्य चालू देनदारियों में घटोतरी/बढोतरी	24,155.69	55,662.55
	विशिष्ट आइटमों से पहले संचालनों से प्राप्त नकद	**64,394.01**	**69,162.79**
	प्रत्यक्ष कर का भुगतान	(1,730.55)	(2,361.77)
	संचालन गतिविधियों से शुद्ध नकद (क)	**62,663.46**	**66,801.01**
ख.	निवेश गतिविधियों से नकद प्रवाहः		
	प्राप्रटी, प्लांट और उपकरण की खरीद	(6,851.09)	(65.17)
	प्रोप्रटी, प्लांट और उपकरण की बिक्री		0.07
	अमूर्त सम्पत्तियों की खरीद		(2.30)
	विकास के अंतर्गत अमूर्त सम्पत्तियों की खरीद	-	(6.95)
	3 माह से अधिक मूल परिपक्वता वाले फ्लेक्सी डिपोजिट	(13,124.80)	9,476.66
	3 माह से अधिक और 12 माह तक क मूल परिपक्वता वाले स्थायी जमा	(31,180.99)	(77,883.13)
	प्राप्त ब्याज ;स्रोत पर घटाया गया शुद्ध कर)	(646.05)	1,004.03
	निवेश गतिविधियों से शुद्ध नकद (ख)	**(51,803.60)**	**(67,476.79)**
ग.	वित्तीय गतिविधियों से नकद प्रवाह		
	भुगतान किया गया लाभांश	(1,355.06)	(1,357.98)
	शेयरों की पुनः खरीद	-	(4,955.73)
	वित्तीय गतिविधियों से नकद प्रवाह (ग)	**(1,355.06)**	**(6,313.71)**
	नकद में शुद्ध बढोतरी और नकद समराशि में शुद्ध बढोतरी (क)+(ख)+(ग)	**9,504.80**	(6,989.49)
	नकद और नकद समकक्ष–ऑपनिंग	**10,159.06**	17,148.56
	नकद और नकद समकक्ष–क्लोंजिंग	**19,663.86**	10,159.07

	विवरण	31 मार्च 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए	31 मार्च 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए
i)	नकद और नकद समकक्ष में निम्न शामिल हैं:		
	चालू खातों में बैंकों में बैलेंस	**3,131.72**	3,106.82
	हाथ में नकदी	**0.05**	0.05
	मंत्रालयों / ग्राहकों की तरफ से		
	बैंकों में बचत खातों में बैलेंस	**16,532.11**	7,052.20
		19,663.88	**10,159.07**

ii) कोष्ठक में दिए गए आंकड़े बाहर जोन वाली नकदी को दर्शाते हैं

निदेशक बोर्ड के लिए और बोर्ड की तरफ से

अधोहस्ताक्षरी / –
(ज्ञानेश पांडे)
महानिदेशक
(डीआईएन: 03555957)

अधोहस्ताक्षरी / –
(नंदिता गुप्ता)
निदेशक / संयुक्त निदेशक
(डीआईएन: 02410865)

अधोहस्ताक्षरी / –
(चंद्र शेखर गुप्ता)
जीएम (एफएण्डए)

अधोहस्ताक्षरी / –
(अजय सूरी)
डीजीएम (एफएण्डए)

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 25 मई 2019

संलग्न सम तिथि की रिपोर्ट के अनुसार
एम.एल. पुरी एण्ड कम्पनी के लिए
चार्टर्ड अकाउंटैंट्स
(आईसीएआई फर्म रजि. नं.: 002312एन)
अधोहस्ताक्षरी / –
राजेश चंद गुप्ता
हिस्सेदार
सदस्यता संख्या. 095584

1. महत्वपूर्ण लेखांकन नितियां

1.1 प्रमुख गतिविधियों की प्रकृति

एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड भारत सरकार की एक मिनी रत्न (श्रेणी –1 कंपनी) है जो भारत और विदेश में स्वास्थ्य और अन्य सामाजिक क्षेत्रों में निर्माण गतिविधियों के लिए परामर्श और निष्पादन एजेंसी के रूप में पेशेवर सेवाओं की व्यापक रेंज प्रदान करती है जिसमें अवधारणा पक्ष भी शामिल है। इसमें अध्ययन, प्रबंधन परामर्श, परियोजना प्रबंधन, रसद और स्थापना, खरीद, सूचना प्रौद्योगिकी, डिजाइन और इंजीनियरिंग और हेल्थकेयर सुविधा डिजाइन, आदि शामिल हैं।

1.2 भारतीय लेखा मानकों की अनुपालन की सामान्य जानकारी और स्थिति

नई दिल्ली में मुख्य कार्यालय के साथ कम्पनी भारत में निगमित और रिहायसी है। कंपनी का मुख्यालय नई दिल्ली, भारत में है।

ये कम्पनी के प्रथम वित्तीय विवरण हैं जिन्हें भारतीय लेखा मानकों के अनुसार तैयार किया गया है। (भारतीय लेखा मानकों की अुनापलना की व्याख्या के लिए नोट 41 को देखें)

कम्पनी का एनबीसीसी को रणनितिक विनेवेश का निर्णय भारत सरकार द्वारा पत्र संख्या एफ. नं. 3/8/2016–डीआईपीएएम–2–ए दिनांक 13 सितम्बर 2018 और डीओ नं. 3/8/2016–डीपीआईएम–2ए दिनांक 13 सितम्बर 2018 के माध्यम से लिया गया था। प्रबंधन नियंत्रण सहित कम्पनी की 100 प्रतिशत चूकता इक्विटी शेयर पूंजी को एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड को 285 करोड़ रुपये की कीमत पर स्थानांतरित कर दिया गया है।

जब तक अन्यथा नहीं कहा जाता है, तब तक सभी राशि लाखों रुपए में व्यक्त की गई हैं।

31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए विवरणों को 25 मई 2019 निदेशक मंण्डल द्वारा जारी करने के लिए अधिकृत और अनुमोदित किया गया था।

1.3 महत्वपूर्ण लेखांकन नितियों का सरांश

वित्तीय विवरणों को नीचे दी गई लेखांकन नीतियों और मापन के आधार का उपयोग करके तैयार किया गया है।

1.3.1 विदेशी मुद्रा स्थानांतरण

कार्यात्मक और प्रस्तुतिकरण मुद्रा

वित्तीय विवरण भारतीय रुपए में प्रस्तुत किए गए हैं, जो कंपनी की कार्यात्मक मुद्रा है।

विदेशी मुद्रा लेनदेन और शेष

विदेशी मुद्रा लेनदेन को रिपोर्टिंग मुद्रा में दर्ज किया गया है, लेनदेन की तिथि पर रिपोर्टिंग मुद्रा और विदेशी मुद्रा के बीच विदेशी मुद्रा राशि को लागू किया गया है।

रिपोर्टिंग तिथि पर प्रचलित विनिमय दर का उपयोग करके विदेशी मुद्रा मौद्रिक वस्तुओं का पुनः रूपांतरण किया जाता है। गैर–मौद्रिक वस्तुएं जो एक विदेशी मुद्रा में मूल्यवर्धित ऐतिहासिक लागत के संदर्भ में मापी जाती हैं, लेनदेन की तिथ कों विनिमय दर का उपयोग करके सूचित की गई हैं।

मौद्रिक वस्तुओं के निपटान पर उत्पन्न होने वाले विनिमय अंतर, या कंपनी की ऐसी मौद्रिक वस्तुओं की दरों

पर रिपोर्ट करने पर, जिनसे वे शुरू में वर्ष के दौरान दर्ज किए गए थे, या पिछले वित्तीय विवरणों में रिपोर्ट किए गए थे, वर्ष में आय/व्यय के रूप में मान्यता प्राप्त हैं, जिस वर्ष में वे उत्पन्न हुए हैं। जहां ऐसे लेनदेन ग्राहकों की ओर से होते हैं, वहां लाभ/हानि संबंधित ग्राहकों के खातों में स्थानांतरित कर दी जाती है

1.3.2 राजस्व पहचान

कंपनी मुख्य रूप से परियोजना प्रबंधन परामर्श और खरीद सेवाओं से राजस्व प्राप्त करती है। राजस्व एक ग्राहक के साथ एक अनुबंध में निर्दिष्ट अवधारणा के आधार पर मापा जाता है और तीसरे पक्ष की ओर से एकत्र की गई राशि को बाहर रखा जाता है। जब ग्राहक किसी उत्पाद या सेवा पर नियंत्रण स्थानांतरित करता है तो कंपनी राजस्व की मानती है।

क) परियोजना प्रबंधन परामर्श

पीएमसी अनुबंधों के मामले में, कंपनी भू–तकनीकी जांच, स्थलाकृतिक सर्वेक्षण, संसाधन–नियोजन, विस्तृत इंजीनियरिंग डिजाइन तैयार करने और कार्यों के निष्पादन की निगरानी आदि जैसे कार्य करती है। इन सेवाओं से संबंधित विभिन्न तत्वों के बीच अधिक अपासी निर्भरता के कारण, उन्हें एक एकल प्रदर्शन दायित्व के रूप में जाना जाता है और राजस्व को मापने की इनपुट पद्धति के आधार पर पहचान जाता है, जैसा कि ग्राहक प्राप्त करता है और एक साथ लाभों का उपयोग करता है।

डिजाइन, इंजीनियरिंग, अध्ययन, डीपीआर, एमओयू, प्रशिक्षण, सूचना प्रौद्योगिकी के संबंध में राजस्व को उन लागत की इनपुट विधि के आधार पर अवधि के दौरान आय के रूप में पहचाना जाता है जिसके लिए ग्राहक के साथ समझौते की शर्तों के अनुसार शुल्कों के संबंध में प्रस्तूत किया जाता है।

ख) खरीद सेवा

कंपनी ग्राहक की ओर से संपत्ति खरीदने का व्यापार करती है और राजस्व को मापन प्रगति की इनपुट विधि के आधार पर एक समय के आधार पर पहचाना जाता है, क्योंकि कम्पनी के पास विश्वसनीय अनुमान लगाने की योग्यता है, जो समान तंत्र में इसके महत्वपूर्ण एतिहासिक अनुभव से प्राप्त होते हैं। राजस्व में शामिल हैं:

1. वह कार्य, जिसके लिए केवल आशय पत्र प्राप्त हुए हैं, हालांकि, औपचारिक अनुबंध/समझौते निष्पादन की प्रक्रिया में हैं।

2. ग्राहक द्वारा लंबित प्रमाणन द्वारा कंपनी द्वारा निष्पादित और मापा गया कार्य

3. कार्य का जिसका निष्पादन हो चुका है लेकिन उसे मापा नहीं गया/आंशिक रूप से निष्पादित किया गया है, जो इंजीनियरिंग अनुमान पर आधारित है।

4. अतिरिक्त/विस्थापित आइटम और दावे जो ग्राहकों के विरुध जो नकदी में परिवर्तन योग्य सीमा में होते हैं।

1.3.3 अन्य आय

ब्याज से प्राप्त आय को प्रभावी ब्याज दर पद्धति का उपयोग करते हुए संचित आधार पर सूचित किया जाता है। अल्प अवधि में प्राप्य ठेकेदारों को दिया गया गतिशीलता अग्रिम पर ब्याज आय को साधारण ब्याज विधि से पहचाना जाता है जो प्रभावी ब्याज दर का अनुमान लागता है। ठेकेदारों को दिए गए गतिशील अग्रिम पर ब्याज से प्राप्त शुद्ध आय का अनुमान गतिशील अग्रिमों पर ग्राहक को देय ब्याज से लगाया जाता है।

ग्राहक की तरफ से बैंकों में जमाओं पर ब्याज से प्राप्त आय को इस प्रकार के जमाओं पर ग्राहकों को देय ब्याज से निकला जाता है।

1.3.4 अमूर्त सम्पत्तियां

मान्यता

अमूर्त सम्पत्तियों को शुरू में उनकी खरीद की लागत पर मापा जाता है। लागत में खरीद कीमत, उधार लेने की कीमत यदि पूंजीकरण मानकों को पूरा किया जाता है और सम्पत्ति को वांछित प्रयोग के लिए कार्य की अवस्था में लाने में लगने वाली लागत शामिल है। खरीद लागत निकालने के लिए व्यापारिक छूट और रिबेट को घटाया जाता है।

भारतीय लेखा मानकों को अपनाए जाने के बाद कम्पनी ने कम्पनी ने 1 अप्रैल 2017 को इसकी सभी अमूर्त सम्पत्तियों के ढुलाई मूल्य को बनाए रखने का विकल्प निरंतर जारी रखा है जिसे पीछले जीएएपी के अनुसार मापा जाता है और उस ढुलाई मूल्य को अमूर्त सम्पत्तियों की लागत के रूप में प्रयोग किया है।

बाद में मापन (परिशोधन)

अमूर्त सम्पत्तियों का परिशोधन सीधी रेखा विधि से चार्ज किया जाता है जिसका आधार प्रबंधन द्वारा मूल्यांकित और अनुमोदित सम्पत्तियों के उपयोगी जीवन के संदर्भ में मापी की गई दर होता है।

सम्पत्ति श्रेणी	अनुमानित उपयोगी जीवन (वर्षों में)
अमूर्त सम्पत्तियां कंप्यूटर सॉफ्टवेयर	3 वर्ष

मान्यता समाप्त करना

अमूर्त सम्पत्ति या कोई भी महत्वपूर्ण हिस्सा जिसे शुरू में मान्यता प्रदान की जाती है तो उसे डिस्पोज करने के बाद या इसके प्रयोग या डिस्पोजल का कोई भावी आर्थिक लाभ नहीं रह जाता है तो उसकी मान्यत खत्म कर दी जाती है। संपत्ति की मान्यता खत्म करने पर उत्पन्न कोई भी लाभ या हानि (शुद्ध निपटान आय और सम्पत्ति की ढुलाई राशि के बीच के अंतर के रूप में गणना की जाती है) को लाभ और हानि खाते के विवरण में शामिल किया जाता है।

1.3.5 प्रोप्रटी, प्लांट और उपकरण

मान्यता

प्रोप्रटी, प्लांट और उपकरण का विवरण उनकी खरीद लागत पर दिया जाता है। लागत में खरीद मूल्य, उधार लेने की लागत शामिल है यदि पूंजीकरण मानदंड पूरा किया गया है और प्रत्यक्ष रूप से उस सम्पत्ति को उसके उपयोग की स्थिति में लाने में लगी संबंधित लागत शामिल है। खरीद लागत निकालने के लिए व्यापारिक छूट और रिबेट को घटाया जाता है।

भारतीय लेखा मानकों को अपनाए जाने के बाद कम्पनी ने कम्पनी ने 1 अप्रैल 2017 को इसकी सभी अमूर्त सम्पत्तियों के ढुलाई मूल्य को बनाए रखने का विकल्प निरंतर जारी रखा है जिसे पीछले जीएएपी के अनुसार मापा जाता है और उस ढुलाई मूल्य को अमूर्त सम्पत्तियों की लागत के रूप में प्रयोग किया है।

बाद में मापन (मूल्य ह्रास)

प्रोपर्टी, प्लांट और उपकरण का मूल्य ह्रास सीधी रेखा विधि से चार्ज किया जाता है जिसका आधार प्रबंधन द्वारा मूल्यांकित और अनुमोदित सम्पत्तियों के उपयोगी जीवन के संदर्भ में मापी की गई दर होता है जिसे तकनीकी विशेषज्ञों की समीति और प्रबंधन द्वारा मापा जाता है या कम्पनी अधिनियम के शेड्यूल 2 के भाग ग के अंतर्गत निर्धारित उपयोगी जीवन के आधार पर प्राप्त दर के आधार पर मापा जाता है। निम्नलिखित उपयोगी मूल्यों का प्रयोग किया जाता है:

सम्पत्ति की श्रेणी	अनुमानित उपयोगी जीवन (वर्षों में)
भवन	
भवन (फैक्ट्री भवनों के अतिरिक्त)	60 वर्ष
अन्य (जिसमें अस्थायी संरचनाएं आदि शामिल हैं)	60 वर्ष
सिविल निर्माण में प्रयोग किया जाने वाला प्लांट और मशीनें	03 वर्ष
फर्नीचर और फिटिंग	12 वर्ष
मोटर वाहन	10 वर्ष
कार्यालय उपकरण	08 वर्ष
कंप्युटर और डाटा प्रोसेसिंग युनिट	05 वर्ष
सर्वर और नेटवर्क	06 वर्ष
अंतिम प्रयोगकर्ता के लिए डिवाइस जैसे डेस्कटॉम, लैपटॉप आदि	03 वर्ष

प्रीमियम का भुगतान उस भूमि पर किया जाता है जहाँ पट्टे की शर्तों को निर्दिष्ट अवधि के लिए निष्पादित किया गया है, आनुपातिक रूप से पट्टे की अवधि से अधिक लिखा जाता है।

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण व्यक्तिगत रूप से 10,000 रुपये तक की लागत के अधिग्रहण के वर्ष में पूरी तरह से मूल्यह्रास कर रहे हैं।

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के मूल्यह्रास के अवशिष्ट मूल्यों, उपयोगी जीवन और तरीकों की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत में की जाती है और उचित रूप से समायोजित की जाती है, यदि उपयुक्त हो।

मान्यता समाप्त करना

सम्पत्ति, प्लांट और उपकरण या कोई भी महत्वपूर्ण हिस्सा जिसे शुरू में मान्यता प्रदान की जाती है तो उसे डिस्पोज करने के बाद या इसके प्रयोग या डिस्पोजल का कोई भावी आर्थिक लाभ नहीं रह जाता है तो उसकी मान्यत खत्म कर दी जाती है। संपत्ति की मान्यता खत्म करने पर उत्पन्न कोई भी लाभ या हानि (शुद्ध निपटान आय और सम्पत्ति की ढुलाई राशि के बीच के अंतर के रूप में गणना की जाती है) को लाभ और हानि खाते के विवरण में शामिल किया जाता है।

1.3.6 पट्टे

कम्पनी एक पट्टाधारी के रूप में

वित्तीय पट्टे

एक पट्टा जो सभी जोखिमों और पुरस्कारों को मूख्य रूप से कम्पनी को स्थानांतरित करता है उसे वित्तीय पट्टा कहा जाता है। वित्तीय पट्टे का पूंजीकरण पट्टे की शुरूआत होने की तिथि को प्रोपर्टी के उचित मूल्य पर किया जाता है या, यदि कम पर किया जाता है तो पट्टा भुगतान की वर्तमान न्यूनतम कीमत पर किया जाता है।

पट्टा भुगतान के ब्याज तत्व को पट्टे की अवधि के दौरान वित्तीय लागत के रूप में लाभ और हानि विवरण के लिए चार्ज किया जाता है। पट्टे पर दी गई सम्पत्ति का मूल्य ह्रास का आकलन सम्पत्ति के उपयोगी जीवन या पट्टा अवधि, जो भी कम हो, के दौरान जाता है।

क्रियाशील पट्टे

वे सम्पत्तियां जहां प्रमुख जोखिमों और पुरस्कारों के स्वामीत्व को पट्टादाता द्वारा अपने पास रखा जाता है उन्हें क्रियाशील पट्टे की श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता है। पट्टे का किराया सीधी रेखा के आधार पर लाभ

और हानि विवरण में डाला जाता है, जहां किराए में बढोतरी को प्रत्याशित महंगाई लागतों के लिए पट्टादाता की भरपाई की जाती है।

1.3.7 गैर–वित्तीय सम्पत्तियों की क्षति

सम्पत्तियों की ढुलाई राशि की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को जाती है जहां आंतरिक/बाह्य संकेतकों के आधार पर कोई भी क्षति होती है। एक क्षति के कारण हानि की पहचान लाभ और हानि के विवरण में की जाती है जहां ढुलाई की राशि सम्पत्तियों से प्राप्त होने वाली राशि से अधिक होती है। क्षति के कारण होने वाली हानि को वापिस किया जाता है, यदि रिकवर होने वाली राशि में बदलाव होता है और इस प्रकार की क्षति या तो अब नहीं होता या कम हो गया है या वे संकेत अब नहीं हैं जो क्षति की ओर इशारा करते थे।

1.3.8 वित्तीय उपकरण

आरंभिक पहचान और मापन

वित्तीय सम्पत्ति और वित्तीय देनदारियों को मान्यता दी जाती है जब कम्पनी वित्तीय उपकरण के अनुबंधात्मक प्रावधानों का एक पक्ष बन जाती है और उन्हें शुरू में उचित मूल्य पर मापा जाता है जिसे लेनदेन लागतों के लिए समायोजित किया जाता है।

बाद में मापन

परिशोधित लागत पर ऋण उपकरण – एक ऋण उपकरण का आकलन परिशोधित लागत पर किया जाता है यदि निम्न दोनों शर्तों को पूरा किया जाता है:

- संपत्ति एक व्यावसायिक मॉडल में रखी जाती है जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह को इकट्ठा करने के लिए संपत्ति रखना है, और
- परिसंपत्ति के संविदात्मक नियम नकदी प्रवाह के लिए निर्दिष्ट तिथियों पर वृद्धि देते हैं जो मूल राशि पर मूलधन और ब्याज (एसपीपीआई) के एकमात्र भुगतान हैं।

प्रारंभिक आकलन के बाद इस तरह की वित्तीय अस्थियों को बाद में प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) पद्धति का उपयोग करके परिशोधन लागत पर मापा जाता है।

वित्तीय सम्पत्तियों की मान्यता समाप्त करना

एक वित्तीय सम्पत्ति मूल रूप से उस समय समाप्त की जाती है जब उस सम्पत्ति से नकद प्राप्त करने के अधिकार समाप्त हो जाते हैं या कम्पनी नकदी प्राप्त करने के अधिकारों को स्थानांतरित कर देती है।

वित्तीय देनदारियां

प्रारंभिक पहचान और आकलन

सभी वित्तीय देनदारियों की पहचान शुरू में उचित मूल्य पर की जाती है और लेनदेन लागत जो वित्तीय देनदारियों के अधिग्रहण में आती है उसे भी समायोजित किया जाता है। वित्तीय देनदारियों को परिशोधित लागत के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

बाद में आकलन

प्रारंभिक मान्यता के बाद इन देनदारियों को प्रभावी ब्याज दर विधि का प्रयोग करके परिशोधित लागत पर मापा जाता है।

वित्तीय देनदारियों की मान्यता समाप्त करना

एक वित्तीय देनदारी को उस समय समाप्त किया जाता है जब देनदारी के अंतर्गत बाध्यता को डिस्चार्ज या रद्द कर दिया जाता है या वह एक्सपायर हो जाती है। तदनुसार निपटान रहित ऋण बैलेंस और बैंक गारंटी का पुनःलेखन संबंधित परियोजना के बंद होने पर किया जाता है या पहले किया जाता है जो प्रबंधन के पिछले अनुभव और प्रत्येक मामले के वास्तविक तथ्यों के आधार पर किया जाता है और उसे अन्य संचालन आय के रूप में दर्ज किया जाता है।

इसके अलावा जब एक उसी ऋणदाता द्वारा अलग शर्तों पर वित्तीय देनदारी को दूसरी द्वारा विस्थापित किया जाता है, या वर्तमान देनदारी की शर्तों को पर्याप्त रूप से बदल दिया जाता है, तो इस प्रकार का विनिमय या परिवर्तन मूल देनदारी का समापन माना जाता है और नई देनदारी का शुरू होना माना जाता है। संबंधित ढुलाई राशियों में अंतर को लाभ और हानि विवरण में शामिल किया जाता है।

वित्तीय उपकरणों का समायोजन

वित्तीय सम्पत्तियों और देनदारियों का समायोजन किया जाता है और शुद्ध राशि को बैलेंस शीट में दर्ज किया जाता है यदि मान्य राशियों को समायोजन करने का अधिकार कानूनी रूप से वर्तमान में लागू है और शुद्धता के आधार पर निपटान करने का इरादा होता है, ताकि सम्पत्तियों को नकदी में परिवर्तित किया जा सके और साथ ही देनदारियों का निपटारा किया जा सके।

1.3.9 वित्तीय सम्पत्तियों की हानि

भारतीय लेखा मानक 109 के अनुसार कम्पनी वित्तीय सम्पत्तियों के लिए क्षति की आकलन औ पहचान के लिए अनुमानित क्रेडिट हानि (ईसीएल) प्रतिमान को लागू करती है।

ईसीएल, अनुबंध के अनुसार कम्पनी को देय सभी नकद राशियों और कम्पनी द्वारा प्राप्त होने वाली नकदी के बीच अंतर होता है। जब नकदी का आकलन किया जाता है तो कम्पनी निम्न पर विचार करती है:–

- सम्पत्तियों की प्रत्याशित आयु में वित्तीय सम्पत्तियों की सभी अनुबंध शर्तें (जिसमें भुगतान और विस्तार शामिल हैं)
- कोलेटरल की बिक्री या अन्य क्रेडिट बढ़ोतरी से प्राप्त नकद जो अनुबंध की शर्तों का भाग हैं।

व्यापार प्राप्य राशियां

एक व्यावहारिक समीक्षक के रूप में कंपनी ने व्यापार प्राप्तियों पर अपेक्षित हानि की मान्यता के लिए प्रावधान मैट्रिक्स पद्धति का उपयोग करके 'सरलीकृत दृष्टिकोण' को अपनाया है। प्रावधान मैट्रिक्स व्यापार प्राप्तियों के अपेक्षित जीवन के दौरान देखी गई तीन साल की औसत डिफॉल्ट दरों पर आधारित है और इसे आगे के अनुमानों के लिए समायोजित किया गया है। ये औसत डिफॉल्ट दरें व्यापार प्राप्तियों पर कुल क्रेडिट जोखिम पर लागू होती हैं और आजीवन अपेक्षित क्रेडिट घाटे का निर्धारण करने के लिए रिपोर्टिंग तिथि में एक वर्ष से अधिक समय तक बकाया रहती हैं।

अन्य वित्तीय संपत्तियां

अन्य वित्तीय संपत्तियों और जोखिम एक्सपोजर पर हानि की मान्यता के लिए कंपनी यह निर्धारित करती है कि क्या प्रारंभिक मान्यता के बाद से क्रेडिट जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यदि क्रेडिट जोखिम में काफी वृद्धि हुई है, तो हानि प्रदान की जाती है।

1.3.10 आय कर

लाभ और हानि में मान्य कर व्यय में चालू कर और आस्थगित कर का योग शामिल है जिसे अन्य व्यापक आय में या सीधे इक्विटी में मान्यता नहीं है।

कर की गणना कर दरों और कर कानूनों पर आधारित होती है जिन्हें रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक अधिनियमित या पर्याप्त रूप से अधिनियमित किया गया है। आस्थगित आयकर की गणना बैलेंस शीट दृष्टिकोण का उपयोग करके की जाती है।

आस्थगित कर देयताएं आमतौर पर सभी कर योग्य अस्थायी अंतरों के लिए पूर्ण रूप से मान्यता प्राप्त हैं।

आस्थगित कर अस्थियों को इस हद तक मान्यता प्राप्त है कि यह संभावित है कि अंतर्निहित कर हानि, अप्रयुक्त कर क्रेडिट या कटौती योग्य अस्थायी अंतर का उपयोग भविष्य की कर योग्य आय के विरुध किया जाएगा। इसका आकलन कंपनी के भविष्य के संचालन परिणामों के पूर्वानुमान के आधार पर किया जाता है, जो महत्वपूर्ण गैर–कर योग्य आय और व्यय के लिए समायोजित किया जाता है और किसी अप्रयुक्त कर हानि या क्रेडिट के उपयोग पर विशिष्ट सीमाएं निर्धारित करता है।

1.4 नकद और नकद समकक्ष

नकद और नकद समकक्षों में हाथ में नकदी, बैंक खाते में शेष राशि, पारगमन में प्रेषण, हाथ में चेक और डिमांड डिपॉजिट, साथ में अन्य अल्पकालिक, अत्यधिक तरल निवेश (मूल परिपक्वता 3 महीने से कम) जो आसानी से ज्ञात मात्रा में परिवर्तनीय हैं, शामिल हैं जो मूल्य में परिवर्तन के एक नगण्य जोखिम के अधीन हैं।

1.5 इक्विटी रिजर्व और लाभां"ा भुगतान

शेयर पूंजी जारी किए गए शेयरों के नाममात्र मूल्य का प्रतिनिधित्व करती है। शेयरों को जारी करने से संबंधित किसी भी लेनदेन की लागत को प्रतिधारित आय, संबंधित आय कर लाभों में से घटाया जाता है।

इक्विटी के अन्य घटकों में अन्य व्यापक आय (ओसीआई) शामिल है जो परिभाषित लाभ देयता के पुन; मूल्यांकन पर बीमांकिक लाभ या हानि से उत्पन्न होती है और योजना सम्पत्तियों पर वापस आती है।

प्रतिधारित आय में सभी मौजूदा और पूर्व अवधि शामिल हैं जो मुनाफे को बनाए रखते हैं। शेयरधारकों को वार्षिक लाभांश वितरण उस अवधि में एक दायित्व के रूप में मान्य है जिसमें लाभांश शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित है। किसी भी अंतरिम लाभांश का भुगतान निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदन पर मान्य होता है। लाभांश वितरण पर देय लाभांश और संगत कर सीधे इक्विटी में मान्य हैं।

1.6 बाद के रोजगार लाभ और अल्प अवधि के कर्मचारी लाभ

परिभाषित अंशदान योजना

परिभाषित योगदान योजनाएं रोजगार के बाद की लाभ योजनाएं हैं, जिनके तहत एक इकाई एक अलग फंड में निश्चित योगदान का भुगतान करती है और आगे के योगदान का भुगतान करने के लिए कोई कानूनी या रचनात्मक दायित्व नहीं होगा, जो कि संबंधित कर्मचारी सेवाओं को प्राप्त होने वाली अवधि में एक व्यय के रूप में मान्यता प्राप्त हैं।

(क) भविष्य निधि

भविष्य निधि योगदान पीएफ ट्रस्ट द्वारा प्रशासित एक ट्रस्ट को किया जाता है। ट्रस्ट के सदस्यों के लिए देय ब्याज दर कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के तहत केंद्र सरकार द्वारा घोषित

ब्याज की वैधानिक दर से कम नहीं होगी, और यदि कोई है, तो कंपनी द्वारा उसे सही किया जाएगा।

(ख) पेंशन योजना

निर्धारित योगदान योजनाओं जैसे कि सेवानिवृति योजना, कर्मचारी पेंशन योजना आदि के योगदान को कर्मचारियों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के योगदान के आधार पर व्यय के रूप में लिया जाता है। कर्मचारी पेंशन योजना में योगदान, प्रोविडेंट फंड के नियोक्ता के हिस्से से किया जाता है।

(ग) चिकित्सा सुविधा

कंपनी के पास चिकित्सा लाभ योजना है, जिसके अंतर्गत सेवानिवृत्त कर्मचारियों सहित नियमित वेतनमान पर कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है। इस योजना को कंपनी द्वारा वित्त पोषित किया जाता है और इसका प्रबंधन एक अलग ट्रस्ट 'एचएससीसी कर्मचारी मेडिकल फंड ट्रस्ट' द्वारा किया जाता है। ट्रस्ट में योगदान लाभ और हानि खाते में मान्यता प्राप्त है।

निर्धारित लाभ योजना

(क) भविष्यनिधिः

कंपनी सेवानिवृत्ति/सेवानिवृत्ति के बाद के लाभ को भविष्यनिधि के रूप में प्रदान करती है। योजना कंपनी द्वारा वित्त पोषित है और एक अलग ट्रस्ट द्वारा प्रबंधित की जाती है, जिसका नाम है "एचएससीसी कर्मचारी ग्रैच्युटी फंड ट्रस्ट"। कंपनी ने भारतीय जीवन बीमा निगम से एक समूह ग्रेच्युटी सह जीवन बीमा पॉलिसी ली है। उसी के लिए देयता को भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा देय राशि के आधार पर पहचाना जाता है, जिसकी गणना वार्षिक आधार पर अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति का उपयोग करके एक्चुरियल वैल्यूएशन पर की जाती है। निर्धारित लाभ योजनाओं के संबंध में सभी बीमांकिक लाभ और हानियां उस वर्ष के लाभ और हानि के के रूप में मान्यता प्राप्त हैं, जिसमें यह उत्पन्न होती है।

(ख) क्षतिपूरित अनुपस्थितिः

अर्जित अवकाश और आधा वेतन अवकाश के प्रति कंपनी की देयता, अनुमानित इकाई माप पद्धति का उपयोग करते हुए, वर्ष के अंत में स्वतंत्र एक्चुअरी द्वारा निर्धारित की जाती है। यह योजना अवित्तपोषित है और दायित्व को वार्षिक आधार पर अनुमानित इकाई ऋण पद्धति का उपयोग करते हुए स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर लाभ और हानि खाते में रखा जाता है। बिमांकिंक लाभ या हानि को लाभ और हानि खाते में रखा गया है।

अन्य अल्पावधि कर्मचारी लाभ

अल्पकालिक लाभ में वेतन, बोनस, आरआरपी, एलटीसी जैसे कर्मचारी लागत शामिल होते हैं जिन्हें अघोषित मूल्य पर मापा जाता है और उस वर्ष में अर्जित किया जाता है जिसमें संबंधित सेवाएं कंपनी के कर्मचारियों द्वारा प्रदान की जाती हैं।

कर्मचारी पृथक्करण लागत

कम्पनी की स्वेच्छिक सेवानिवृति योजना के अंतर्गत सेवानिवृति का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को दिए जाने वाले अनुग्रह को प्रबंधन द्वारा विकल्प को स्वीकार करने वाले वर्ष में लाभ और हानि के विवरण में डाला जाता है।

1.7 प्रावधान, आकस्मिक देनदारियां और आकस्मिक सम्पत्तियां

कंपनी द्वारा मान्यता प्राप्त प्रावधानों में वारंटियों, अनुसंधान और विकास, निरंतर विकास, योगदान, और

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के प्रावधान शामिल हैं। एक प्रावधान को मान्यता दी जाती है जब कंपनी के पास पिछली घटना के परिणामस्वरूप एक वर्तमान दायित्व होता है, तो यह संभव है कि दायित्व का निपटान करने के लिए आर्थिक लाभ प्राप्त करने वाले संसाधनों के बहिर्वाह की आवश्यकता होगी और दायित्व की राशि का एक विश्वसनीय अनुमान लगाया जा सकता है। प्रावधान रिपोर्टिंग तिथि पर दायित्व का निपटान करने के लिए आवश्यक सर्वोत्तम अनुमान के आधार पर निर्धारित हैं। इन अनुमानों की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को की जाती है और वर्तमान सर्वोत्तम अनुमानों को प्रतिबिंबित करने के लिए समायोजित किया जाता है।

प्रावधानों को उनके वर्तमान मूल्य में डिस्काउंट किया जाता है जहां धन का समय मूल्य महत्वपूर्ण होता है।

तथ्यों और तथ्यों के कानूनी पहलुओं के सावधानीपूर्वक मूल्यांकन के बाद प्रबंधन के निर्णय के आधार पर आकस्मिक देनदारियों का खुलासा किया जाता है।

आकस्मिक संपत्ति की घोषणा तब की जाती है जब आय का प्राप्त होना निश्चित हो जाता है।

1.8 मध्यस्थता पुरस्कार

संबंधित ब्याज प्राप्य राशियां/देय के साथ मध्यस्थता/न्यायालय के पुरस्कार, शुरूआत के समय पर खातों में नहीं ली गई सीमा तक, आदेश होने के बाद पहचाने जाते हैं। मध्यस्थता मशीनरी, भारत सरकार अपीलीय प्राधिकारी द्वारा आदेश को अंतिम रूप देने के लिए जिम्मेदार है। इन मामलों में प्राप्य/देय ब्याज का भुगतान तब किया जाता है जब भुगतान संभावित हो, जब प्रबंधन द्वारा मामले को निपटाया जाता है।

1.9 नकद हानियां

ग्राहक/अनुबंधकर्ताओं के संबंध में देरी के लिए लिक्विडेटेड डैमेज/मुआवजा, यदि कोई हो, का भुगतान किया जाता है, जब भुगतान संभावित हो, यह तब होता है जब प्रबंधन द्वारा मामले को निपटाया जाता है।

1.10 पूर्व अवधि व्यय/आय

पूर्व अवधि से संबंधित और चालू वर्ष में महत्वपूर्णन न माने जाने वाले व्यय/आय को चालू वर्ष के सिंबंधित खातों में डाला जाता है।

1.11 लेखांकन प्रयोग में महत्वपूर्ण प्रबंधन निर्णय

नितियां और अनिश्चितताएं

वित्तीय विवरण भारत में जीएएपी के अनुसार तैयार किए जाते हैं, जिनके लिए प्रबंधन को अनुमानों लगाने की आवश्यकता है जो वित्तीय विवरण की तिथि को संपत्तियों, देनदारियों और आकस्मिक देनदारियों के प्रकटीकरण को प्रभावित करते हैं और अवधि के दौरान आय और व्यय की मात्रा की जानकारी देते हैं। हालाँकि वित्तीय विवरणों के साथ उपयोग किए जाने वाले ये अनुमान और मान्यताएँ वित्तीय विवरणों की तिथि के अनुसार प्रासंगिक तथ्यों और परिस्थितियों के प्रबंधन के मूल्यांकन पर आधारित हैं, जो प्रबंधन की राय में विवेकपूर्ण और उचित हैं, वित्तीय परिणामों के साथ तैयार करने में उपयोग किए गए अनुमानों और मान्यताओं से वास्तविक परिणाम भिन्न हो सकते हैं। लेखांकन अनुमानों में किसी भी संशोधन को उस अवधि से संभावित रूप से मान्यता प्राप्त है जिसमें परिणाम ज्ञात हैं/लागू भारतीय लेखा मानकों के अनुसार महत्वपूर्ण हैं।

संपत्ति और देनदारियों, आय और व्यय की मान्यता और माप पर सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले अनुमानों और मान्यताओं के बारे में जानकारी नीचे दी गई है।

महत्वपूर्ण प्रबंधन निर्णय

कंपनी के लेखांकन नीतियों को लागू करने में महत्वपूर्ण प्रबंधन निर्णय निम्नलिखित हैं जो वित्तीय विवरणों पर सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं।

आस्थगित कर सम्पत्तियों की मान्यता – स्थगित कर की संपत्ति को किस हद तक मान्यता दी जा सकती है, यह कंपनी की भविष्य की कर योग्य आय की संभावना के आकलन पर आधारित है, जिसके विरुद्ध आस्थगित कर परिसंपत्तियों का उपयोग किया जा सकता है।

परिसंपत्तियों की हानि के लिए संकेतकों का मूल्यांकन – परिसंपत्तियों की हानि के संकेतकों की प्रयोज्यता के मूल्यांकन के लिए कई बाहरी और आंतरिक कारकों का आकलन करना पड़ता है, जिसके परिणामस्वरूप परिसंपत्तियों की वसूली योग्य राशि में गिरावट हो सकती है।

संपत्ति, संयंत्र और उपकरण – प्रबंधन संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों के शेष उपयोगी जीवन और मूल्य ह्रास का आकलन करता है और मानता है कि माना गया उपयोगी जीवन और मूल्य ह्रास उचित हैं

अनुमान अनिश्चितता

संपत्ति और देनदारियों, आय और व्यय की मान्यता और आकलन पर सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले अनुमानों और मान्यताओं के बारे में जानकारी नीचे दी गई है।

अग्रिमों/प्राप्तियों की पुनःप्राप्ति – परियोजना प्रमुख, क्षेत्रीय प्रमुख और क्षेत्रीय/सामरिक व्यापार समूह समय–समय पर अग्रिमों और प्राप्तियों की वसूली की समीक्षा करते हैं। वित्तीय वर्ष में कम से कम एक बार समीक्षा की जाती है और इस तरह के मूल्यांकन के लिए काउंटर–पार्टियों की वित्तीय स्थिति, बाजार की जानकारी और अन्य प्रासंगिक कारकों के आधार पर महत्वपूर्ण प्रबंधन निर्णय की आवश्यकता होती है।

परिभाषित लाभ दायित्व (डीबीओ) – प्रबंधन द्वारा डीबीओ का अनुमान कई महत्वपूर्ण अंतर्निहित धारणाओं पर आधारित है जैसे कि मुद्रास्फीति की मानक दरें, चिकित्सा लागत रुझान, मृत्यु दर, छूट दर और भविष्य के वेतन की प्रत्याशा। इन धारणाओं में भिन्नता डीबीओ राशि और वार्षिक परिभाषित लाभ खर्चों को प्रभावित कर सकती है।

आकस्मिकता– कंपनी के विरुध आकस्मिकताओं/दावों/मुकदमों के संबंध में संसाधनों के संभावित बहिर्वाह का आकलन करने के लिए प्रबंधन निर्णय की आवश्यकता होती है, यदि कोई हो, क्योंकि लंबित मामलों के परिणाम की सटीकता के साथ भविष्यवाणी करना संभव नहीं है।

वारंटियों के लिए प्रावधान– वारंटियों के प्रबंधन का अनुमान इंजीनियरिंग अनुमानों पर आधारित है और इन मान्यताओं में भिन्नता प्रावधान राशि और वार्षिक वारंटी खर्चों को प्रभावित कर सकती है जहां वारंटियां उप–अनुबंधकर्ताओं से उपलब्ध नहीं है।

नकद क्षति– प्राप्त होने वाली नकद क्षतियों का अनुमान अनुबंध की शर्तों अनुसार दर्ज किए जाते हैं; अनुमान वास्तविकता से अनुबंधकर्ता पर लेवी के रूप में भिन्न हो सकते हैं।

1.12 मानक जारी किए गए हैं लेकिन प्रभावी नहीं हैं

